रविवार, 7 दिसम्बर 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 15 – 26 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदयः 06:03 | सूर्यास्तः 16:52 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा




61 गेंदों के शेष रहते भारत की शानदार जीत पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**सुविचार :** तीन चीजें एक जैसी नहीं रहती आपकी उम्र, अच्छा वक्त, आपके अपने।

# 10 सालों में अपने देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कराना होगा : मोदी

### ■ भारत आज ग्लोबल ग्रोथ इंजन

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से अगले 10 वर्षों में देश को गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्त करने का शनिवार को आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज हर क्षेत्र औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है और गर्व के साथ नयी उपलब्धियों का लक्ष्य बना रहा है। उन्होंने कहा कि ''हिंदू विकास दर'' शब्द का प्रयोग तब किया गया था जब भारत 2–3 प्रतिशत की विकास दर के लिए तरस गया था। मोदी ने कहा, ''भारत में मानसिक गुलामी के बीज बोने वाली मैकाले की नीति 2035 में 200 वर्ष पूरे कर लेगी। इसका मतलब है कि अभी 10 वर्ष बाकी हैं। इसलिए, इन्हीं 10 वर्षों में हम सभी को मिलकर अपने देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कराना होगा।'' 'हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट' को संबोधित करते



हुए उन्होंने कहा, ''देश के विकास को उसके लोगों की आस्था और उनकी पहचान से जोड़ना... यह उपनिवेशवाद की मानसिकता का प्रतीक था।'' मोदी ने कहा कि यह साबित करने का प्रयास किया गया कि भारत की धीमी विकास दर का कारण हिंदू संस्कृति है। उन्होंने कहा, ''आज के बुद्धिजीवी जो हर चीज में सांप्रदायिकता ढूंढते रहते हैं, उन्हें 'हिंदू विकास दर' कहने पर सांप्रदायिकता नहीं दिखी। उनके समय में यह संज्ञान किताबों और शोध पत्रों का हिस्सा बनी थी।''

उन्होंने कहा कि भारत उच्च विकास और निम्न मुद्रास्फीति का एक मॉडल है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में देश की 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर दर्शाती है कि वह वैश्विक अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बन रहा है।

मोदी ने कहा, ''भारत का आत्मविश्वास 'उपनिवेशवाद की मानसिकता' से हिल गया था, लेकिन अब हम इससे आगे बढ़ रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है, भारत एक अलग ही लीग में नजर आ रहा है उन्होंने कहा कि भारत में हो रहे बदलाव सिर्फ संभावनाओं के बारे में नहीं हैं, बल्कि बदलती सोच और दिशा की गाथा हैं। मोदी ने कहा, ''हम ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहां 21वीं सदी का एक–चौथाई हिस्सा बीत चुका है। दुनिया ने कई उतार–चढ़ाव देखे हैं: वित्तीय संकट, वैश्विक महामारी, प्रौद्योगिकी व्यवधान, हम युद्ध देख रहे हैं, ये स्थितियां किसी न किसी रूप में दुनिया के लिए चुनौती बनी हुई हैं।'' उन्होंने कहा कि विश्व अनिश्चितताओं से भरा है, लेकिन भारत को एक अलग ही लीग में देखा जा रहा है। मोदी ने कहा, ''भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है। जब आर्थिक सुस्ती की बात होती है, तो भारत विकास की कहानी लिखता है। जब दुनिया में विश्वास की कमी होती है, तो भारत भरोसे का स्तंभ बन रहा है, जब दुनिया टुकड़ों में बंटी है, तो भारत सेतु का काम करता है।'' दूसरी तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के आठ प्रतिशत से अधिक के आंकड़े की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, ''यह हमारी गति का प्रतीक है।'' मोदी ने कहा, ''यह सिर्फ एक संख्या नहीं है, बल्कि एक मजबूत व्यापक आर्थिक संकेत है। यह संदेश है कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बन रहा है।''

# इंडिगो संकट के बीच हवाई किराए पर सरकार सख्त, लागू हुई किराया सीमा

## देश भर के हवाई अड्डों पर सामान्य स्थिति बहालः सरकार

### ■ शनिवार को 800 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नयी दिल्ली :** इंडिगो की उड़ानों में बाधा के कारण कई मार्गों पर हवाई यात्रा का किराया बढ़ जाने के मद्देनजर सरकार ने शनिवार को हवाई किराए पर ऊपरी सीमा लागू कर दी। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने लगातार पांचवें दिन सैकड़ों उड़ानें रद्द कीं, जिसकी मुख्य वजह चालक दल की कमी है। उड़ानों की संख्या कम होने से कुछ मार्गों पर हवाई किराया बहुत बढ़ गया था। हालात को गंभीरता से लेते हुए नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि उसने नियामकीय अधिकारों का उपयोग करते हुए सभी प्रभावित मार्गों पर उचित और वाजिब किराया सुनिश्चित करने का फैसला किया है। केंद्र सरकार की प्राइस कैप के मुताबिक़ घरेलू रूट पर 500 किलोमीटर की यात्रा के लिए अधिकतम 7500 रुपये का किराया तय किया गया है. 500 से 1000 किलोमीटर तक के लिए 12 हज़ार रुपये. 1000 से 1500 किलोमीटर तक के लिए 15 हज़ार रुपये और 1500 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए 18 हज़ार रुपये किराया तय किया गया है।



**सरकार ने इंडिगो से रद्द उड़ानों के लिए रिफंड प्रक्रिया आज तक पूरी करने को कहा**

इंडिगो की उड़ान बाधित होने से हजारों यात्रियों के प्रभावित होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने शनिवार को एयरलाइन को निर्देश दिया कि रद्द की गई उड़ानों के लिए टिकट के रिफंड की प्रक्रिया आज शाम तक पूरी कर ली जाए। सरकार ने साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि यात्रियों के छूटे हुए सामानों को अगले दो दिनों में उन तक पहुंचा दिया जाए।

# आज कोलकाता में पांच लाख लोग एक साथ करेंगे गीता पाठ

### ■ साध्वी ऋतंभरा, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और योगगुरु बाबा रामदेव कार्यक्रम में होंगे शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रविवार को करीब पांच लाख लोग एक साथ गीता पाठ करेंगे। सनातन संस्कृति संसद नामक संस्था की ओर से इस सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य आम लोगों तक सनातन धर्म की मूल भावना और गीता के सार्वभौमिक संदेशों को पहुंचाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज करेंगे, जबकि पद्मभूषण साध्वी ऋतंभरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और योगगुरु बाबा रामदेव भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। नेपाल व बांग्लादेश के संतों को भी इसमें आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने बताया कि भीड़ को प्रभावी तरीके से प्रबंधित करने के लिए ब्रिगेड परेड ग्राउंड पर 25 प्रवेश द्वार तैयार किए गए हैं।


ग्राउंड को अर्द्ध चंद्राकार संरचना में व्यवस्थित किया गया है। तीन मुख्य मंच होंगे, जिनके नाम पार्थ सारथी, चैतन्य व शंकराचार्य रखे गए हैं। पूरे कार्यक्रम को उन्हीं मंचों से संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे वैदिक पाठ से होगी। 9.30 बजे से संतों के प्रवचन होंगे। उसके बाद, सामूहिक गीता पाठ शुरू होगा। आयोजकों ने कहा कि यह विशुद्ध रूप से एक धार्मिक व सामाजिक आयोजन है और इसका राजनीति से कोई लेना–देना नहीं है। गीता का संदेश संपूर्ण मानवता के लिए है।

# भारत, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल 10 दिसंबर से तीन दिवसीय वार्ता शुरू करेगा

**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर 10 दिसंबर से तीन दिवसीय वार्ता शुरू करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत और अमेरिका इस समय समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा, ''तीन दिवसीय यह वार्ता 10 दिसंबर से शुरू होकर 12 दिसंबर को समाप्त होगी, और यह औपचारिक दौर की वार्ता नहीं है।'' अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) रिक स्विट्जर करेंगे। अगस्त में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाए जाने के अमेरिकी कदम के बाद व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए अमेरिकी दल दूसरी बार भारत आ रहा है। इसके पहले 16 सितंबर को एक अमेरिकी दल भारत के दौरे पर आया था।

# हम कड़ा संदेश देना चाहते हैं कि उच्चतम न्यायालय आम लोगों के लिए है : प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत

**नयी दिल्ली :** प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने उच्चतम न्यायालय आम आदमी के लिए होने का कड़ा संदेश देते हुए शनिवार को कहा कि लंबित मामलों का निश्चित समयसीमा और एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति आधारित शीघ्र फैसला उनकी प्राथमिकता होगी। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने यहां आयोजित 'हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट' में न्याय तक पहुंच का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि मुकदमेबाजी की लागत कैसे कम की जाए और मामलों के निर्णय के लिए एक उचित समय–सीमा कैसे निर्धारित की जाए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता के बारे में पूछे गए सवाल पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शक्तियों के पृथक्करण के संवैधानिक दर्शन का उल्लेख किया और कहा कि संविधान ने न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की संबंधित भूमिकाओं को खूबसूरती से परिभाषित किया है, तथा यह सुनिश्चित किया है कि इनमें से कोई एक दूसरे के क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं करे। सीजेआई ने कहा, ''मेरी पहली प्राथमिकता लंबित मामलों के लिये एक निश्चित समय–सीमा और एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति–आधारित शीघ्र निस्तारण की होगी। मैं सभी बकाया मामलों को समाप्त करने की बात नहीं कर रहा हूं।




ऐसा कभी नहीं होगा। ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि मुकदमेबाजी एक सतत प्रक्रिया है। लोगों को न्यायिक प्रणाली पर भरोसा और विश्वास है।'' उन्होंने कहा, ''मामले तो दायर किए जाएंगे, लेकिन जो पुराने मामले हमारे सामने हैं, उनसे निपटने की जरूरत है और इसके लिए मध्यस्थता को शक्तिशाली परिवर्तनकारी उपाय के रूप में तलाशने की जरूरत है।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आने वाले दिनों में उच्चतम न्यायालय में कुछ सुधार होंगे, जिनमें कुछ मुकदमों को प्राथमिकता देना भी शामिल है। उन्होंने कहा, ''मैं एक बहुत ही स्पष्ट और कड़ा संदेश देना चाहता हूं कि उच्चतम न्यायालय आम आदमी के लिए है और किसी भी सामान्य वादी को शीर्ष अदालत में पर्याप्त स्थान और समय मिलेगा। इसके लिए, मैं सूचीबद्ध किए जाने वाले मामलों की प्राथमिकता तय कर रहा हूं।''




## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 7 दिसम्बर, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष कृष्णपक्ष तृतीया, 18:31 तक, नक्षत्र : आद्रा, 06:11 तक, योग : शुक्ला, 20:04 तक, सूर्योदय: 06:03, सूर्यास्त: 16:52, चन्द्रोदय : 19:24, चन्द्रास्त: 08:29, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 15:28 से 16:48

## साप्ताहिक : राशिफल 07-12-25 से 13-12-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस आने वाले नए सप्ताह में इस राशि के जातकों की सेहत इम्यूनिटी कम होने के चलते थोड़ी डाउन रहेगी। आपके खानपान की गड़बड़ी आपके पेट की समस्याओं को बढ़ा सकती है। अगर आपके करियर और व्यवसाय की बात करें तो व्यवसाय करने वाले जातक ओवरकॉन्फिडेंट की वजह से अपना नुकसान करवा सकते हैं। ऐसे में अनुभवी व्यक्तियों की सलाह लेकर कोई भी काम करें। वहीं, नौकरीपेशा वाले जातक अपने ऑफिस में थोड़ी सावधानी बरतें। सीनियर्स से कहा-सुनी हो सकती है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस नए सप्ताह में आप डिप्रेशन के शिकार हो सकते हैं। स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। किसी प्रकार के तनाव से बचें। बिजनेस करने वाले जातकों को इस सप्ताह सावधान रहना होगा। आपके कार्य में देरी हो सकती है। इस वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरी वाले जातकों को प्रमोशन मिलने की संभावना है। इस वजह से आपका स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आपके प्रेम-संबंधों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपके आपसी रिश्ते में नयापन आएगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** नए सप्ताह में इस राशि के जातकों की परेशानी बढ़ सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही ना बरतें। कोई पुरानी बीमारी फिर से दिक्कत दे सकती है, दवाई समय पर लें और डॉक्टर से परामर्श लेते रहें। दिसंबर के दूसरे सप्ताह में बिजनेस करने वालों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। नौकरी पेशा वाले जातक अभी नई नौकरी के बारे में विचार करना छोड़ दें। वहीं, प्रेम-संबंधों में खटास दिखाई दे रही है। वहीं, वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। बात धन की करें तो कुछ समस्याएं आ सकती हैं।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के लोगों के लिए यह सप्ताह संभलकर चलने वाला है। सेहत बिगड़ सकती है। किसी प्रकार की एलर्जी या इंफेक्शन हो सकता है। नौकरीपेशा वाले जातकों को इस समय ऑफिस की राजनीति से दूरी बनाए रखनी होगी, वरना परेशानी हो सकती है। वहीं, बिजनेस करने वालों का कोई रुका हुआ प्रोजेक्ट पूरा होगा। आपके प्रेम-संबंधों के लिए यह सप्ताह काफी अच्छा रहेगा। गृहस्थ जीवन में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। कहीं घूमने भी जा सकते हैं। वहीं, विद्यार्थियों की बात करें तो उनके लिए मेहनत भरा सप्ताह हो सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह सिंह राशि के जातकों की सेहत नर्म रह सकती है। बदलते हुए मौसम में सावधानी बरतें। सर्दी में लापरवाही ना करें। आपका करियर ठीक-ठाक चलेगा। मेहनत करने से पीछे ना हटें। वहीं, व्यापार करने वाले जातक काम के सिलसिले में कोई यात्रा करेंगे, जिसके अच्छे परिणाम मिलेंगे। प्रेम-संबंध भी बेहतर रहेंगे। गृहस्थ जीवन वालों को अपनी वाणी पर थोड़ संयम रखना होगा। छात्रों को अपना ध्यान सिर्फ पढ़ाई-लिखाई में ही लगाना है। फालतू कामों से दूर रहें।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह कन्या राशि के जातक अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। नियमित योगासन और मॉर्निंग वॉक करते रहें। इस सप्ताह अपने सिर और आंखों का विशेष ख्याल रखें। आपके करियर और व्यवसाय की बात करें तो आपके व्यापार को बढ़ाने के लिए आपको किसी खास व्यक्ति से खास टिप्स मिल सकती है। नौकरी वाले जातक ऑफिस में सावधान रहें। आपके विरोधी आपके बॉस से चुगली कर सकते हैं। प्रेम-संबंध में थोड़ी समझदारी दिखाएं। किसी बात के चलते रिश्ते में खटास आ सकती है। गृहस्थ जीवन जीने वाले जातकों के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह आपको सेहत का विशेष ख्याल रखना होगा। खानपान में सावधानी बरतें। शुगर बीपी के पेशेंट दवाइयां समय पर लेते रहें। नौकरीपेशा वाले जातक नई नौकरी के ऑफर को इस समय स्वीकार मत करें। नुकसान होगा। आपकी पुरानी नौकरी में प्रमोशन के चांस बन रहे हैं। आपके प्रेम-संबंधों की बात करें तो सप्ताह में थोड़ी दूरी बनाकर चलें। लड़ाई-झगड़े हो सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को लेकर वैवाहिक संबंधों में तनाव दिखाई दे रहा है। आपकी आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस राशि के लिए आने वाले नय सप्ताह सेहत के लिहाज से अच्छा नहीं है। कमजोरी महसूस हो सकती है। सर्दी-खांसी, जुकाम-बुखार की समस्या परेशान कर सकती है। दवा समय पर लेते रहें। करियर व्यापार करने वाले जातकों को बंपर लाभ हो सकता है। नौकरीपेशा वाले जातकों के मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपका प्रमोशन भी हो सकता है। आपके प्रेम-संबंधों की बात करें तो यह सप्ताह इस मामले के लिए मिलाजुला रहेगा। वैवाहिक संबंधों की बात करें तो जीवनसाथी से किया हुआ कोई वादा हर-हाल में पूरा करें। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों की शारीरिक क्षमता कुछ कमजोर रहेगी। गुस्से में आकर कोई भी काम ना करें। नुकसान हो सकता है। आपको बिजनेस कॉन्टैक्ट बढ़ाने होंगे। नौकरीपेशा वाले जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। अपने प्रेम-संबंध समझदारी से चलाएं। वैवाहिक संबंधों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। धन की स्थिति थोड़ी बिगड़ेगी क्योंकि आपके खर्चे बहुत अधिक हो सकते हैं। विद्यार्थियों को अपने मित्रों से दूरी बनाकर रखनी होगी तभी उनका मन पढ़ाई में लगेगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह मकर राशि के जातकों को सेहत का विशेष ख्याल रखना होगा। रूटीन चेकअप कराते रहें। सांस से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। इस सप्ताह आपका व्यापार अच्छा चलेगा। कोई बहुत दिनों से अटका हुआ प्रोजेक्ट फिर से हाथ लग सकता है। नौकरीपेशा वाले जातकों के लिए भी अच्छा समय रहेगा। वह अपने नौकरी में जिम्मेदारी से कार्य करते रहें। आपके प्रेम-संबंधों में रोमानीपन आएगा। दांपत्य जीवन की बात करें तो यह भी अच्छा रहेगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों की सेहत ठीक रहेगी। यदि आप जल्दी-जल्दी बीमार पड़ रहे हैं तो बॉडी चेकअप कराएं। प्रेम-संबंधों को लेकर यह सप्ताह टेंशन भरा रहेगा। इस सप्ताह आपका व्यापार अच्छा चलेगा। अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कोशिश फलीभूत होगी। नौकरी वाले जातकों को ओवरकॉन्फिडेंस से बचना होगा। आपके रुपए-पैसे की बात करें तो इस सप्ताह आपके खर्चे बढ़े रहेंगे। दिखावे के चक्कर में धन बर्बाद ना करें। निवेश के लिए समय अच्छा रहेगा।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों की सेहत बिगड़ सकती है। इस सप्ताह आपका करियर अच्छा रहेगा। आपका व्यापार बढ़ेगा। आपको आपकी पुरानी नौकरी से दोबारा ऑफर आ सकता है। रुपए-पैसे की बात करेंगे आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। पूरे सप्ताह धन लगातार आता रहेगा। छात्रों के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में सफल होंगे।

# जिंदगी के आखिरी सफर तक हमारी पहचान एक भारतीय के तौर पर होनी चाहिए : योगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर शनिवार को उन्हें याद करते हुए कहा कि ''जन्म से लेकर जिंदगी के आखिरी सफर तक हमारी पहचान एक भारतीय के तौर पर होनी चाहिए।'' उत्तर प्रदेश होमगार्ड के 63वें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि आज बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का 'महापरिनिर्वाण दिवस' है, और यह एक ऐसा दिन है जो प्रेरणा देता है। आदित्यनाथ ने कहा, ''बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने हर भारतीय को



प्रेरित किया है। वह कहते थे कि हमारी पहचान मेरे परिवार, मेरी जाति, मेरे क्षेत्र और मेरी भाषा से नहीं है। बल्कि, हर भारतीय के मन में यह भावना होनी चाहिए कि जन्म से लेकर जिंदगी के आखिरी सफर तक हमारी पहचान एक भारतीय के तौर पर होनी चाहिए।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश होम गार्ड की स्थापना छह दिसंबर 1963 को हुई थी और तब से यह संगठन उत्तर प्रदेश पुलिस बल के लिए एक ''अटूट सुरक्षा कवच'' और एक ''मजबूत सहायक तंत्र'' बना हुआ है। उन्होंने कहा, ''हमने अक्सर देखा कि होम गार्ड कर्मियों को नजरअंदाज किया जाता था। लेकिन, अब उन्हें राष्ट्रपति का सम्मान मिल रहा है। गृह मंत्रालय भी उन्हें पुरस्कारों से सम्मानित कर रहा है। और मैं आज यहां सम्मानित हुए सभी अधिकारियों और कर्मियों को दिल से बधाई देता हूं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि होम गार्ड संगठन अब सिर्फ पुलिस का सहायक नहीं रहा, अब वे पुलिस के साथ कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

### सहारनपुर में देह व्यापार में लिप्त चार महिलाओं समेत नौ आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर (उप्र) :** सहारनपुर जिले की सरसावा थाना पुलिस ने कथित तौर पर अनैतिक देह व्यापार में शामिल चार महिलाओं समेत नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। थाना सरसावा पुलिस ने क्षेत्र के एक घर में अनैतिक देह व्यापार का संचालन करने वाली महिला सरगना सहित कुल चार महिलाओं और पांच पुरुषों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 24,400 की नकदी, आपतिजनक सामग्री ओर तीन मोटर साइकिल बरामद हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजीव कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जिले में अनैतिक देह व्यापार में शामिल लोगों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत एक मुखबिर की सूचना पर चार महिलाओं सहित सभी नौ आरोपियों को पूर्वी अफगानान कस्बा, सरसावा से गिरफ्तार कर इनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। एसएचओ ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### झारखंड के कई हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप, गुमला में तापमान तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज

**रांची :** झारखंड के कई हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप जारी है। इस दौरान गुमला में राज्य का सबसे कम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रांची मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार को 11 जिलों में शीत लहर को लेकर अलर्ट जारी किया है। केंद्र ने रविवार सुबह 8.30 बजे तक गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, रांची, रामगढ़, बोकारो और खूंटी जिलों में 'येलो अलर्ट' (सचेत रहें) जारी किया है। आईएमडी द्वारा शनिवार सुबह जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार, गुमला में तीन डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किये जाने के साथ यह राज्य में सबसे ठंडा स्थान रहा। इसके बाद, खूंटी में न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुलेटिन के अनुसार, डालटनगंज और बोकारो में न्यूनतम तापमान क्रमश: 6.1 डिग्री सेल्सियस और 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके मुताबिक, लोहरदगा और पश्चिमी सिंहभूम में न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि लातेहार में यह 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम बुलेटिन में दी गई जानकारी के अनुसार, राजधानी रांची में न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, जमशेदपुर में 9.4, कोडरमा में 9.5 और देवघर में 9.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## बिहार के उपमुख्यमंत्री ने राज्य में अपराध और अपराधियों पर नजर रखने के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया

**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को राज्य में 'अपराध तथा अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं प्रणाली' (सीसीटीएनएस) पोर्टल की शुरुआत की। बिहार पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक में गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे चौधरी ने कहा, ''यह पोर्टल पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगा और पुलिस थाने के चक्कर लगाने की आवश्यकता कम करेगा।'' उन्होंने बताया कि इस मंच की शुरुआत ई-गवर्नेंस के माध्यम से ''पुलिस द्वारा दी जा रही सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और दक्ष'' बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उप मुख्यमंत्री ने राज्य में कानून-





व्यवस्था मजबूत करने के लिए कई निर्देश भी दिए। चौधरी ने अधिकारियों को अवैध खनन में इस्तेमाल होने वाले वाहनों की जल्द से जल्द जब्ती और उन्हें 15 दिनों के भीतर नीलाम करने का निर्देश दिया, साथ ही इसमें शामिल लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने को कहा। उन्होंने परीक्षाओं के दौरान प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष टीम गठित करने और आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। उपमुख्यमंत्री ने साइबर अपराध के मामलों में त्वरित गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध का पर्दाफाश होने की जानकारी ''व्यापक पैमाने पर प्रसारित'' की जानी चाहिए, ताकि लोगों का पुलिस पर विश्वास बढ़े। चौधरी ने कहा कि सभी स्कूलों और कॉलेजों में, विशेषकर लड़कियों और महिलाओं के लिए, साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने ''संगठित अपराध'' पर कड़ी कार्रवाई और जेल प्रशासन में सुधार की भी आवश्यकता बताई।

## तेजस्वी की बिहार की राजनीति से अनुपस्थिति दिखाता है कि उनका जनता से सरोकार नहीं: राय

**पटना :** केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने शनिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव की बिहार की राजनीति से 'अनुपस्थिति' दर्शाता है कि उनका राज्य की जनता से कोई सरोकार नहीं है। राय ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''तेजस्वी यादव बिहार की राजनीति से गायब हो गए हैं। उन्होंने हाल ही में बिहार विधानसभा सत्र में ठीक से हिस्सा नहीं लिया। इस समय राज्य छोड़कर जाने का उनका निर्णय दिखाता है कि उनका बिहार या यहां की जनता से कोई लेना-देना नहीं है।'' बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एक से पांच दिसंबर के बीच 18वीं बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शामिल नहीं हुए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने यादव पर कोविड-19 महामारी, बाढ़ आदि जैसे संकटों के समय भी राज्य को छोड़कर जाने का आरोप लगाया। राय ने कहा कि तेजस्वी यादव जानते हैं कि लोगों का राजद, कांग्रेस और 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर से विश्वास टूट गया है, क्योंकि लोग परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति में उलझे गठबंधन की चाल को समझ गए हैं।

### एसआईआर : राजस्थान में मतदाता सूचियों का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा

**जयपुर :** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत राजस्थान में मतदाता सूची का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि यह उपलब्धि पाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के अनुसार एसआईआर के तहत राज्य में मतदाता सूची का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन सफलतापूर्वक पूरा किया गया है जिससे राजस्थान यह कार्य करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। उन्होंने इस उपलब्धि को टीम राजस्थान की सामूहिक विजय बताते हुए कहा कि गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक इस काम में जुटे बूथ स्तर अधिकारियों बीएलओ, सहायक कार्मिकों, पर्यवेक्षकों व अन्य निर्वाचन अधिकारियों ने समर्पण और दक्षता के साथ काम यह उपलब्धि हासिल की है।

### मऊ में तंदूरी रोटी बनाते समय थूकने का आरोपी गिरफ्तार

**मऊ (उप्र) :** मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को प्रीति भोज के दौरान तंदूरी रोटियां बनाते समय आटे पर थूकने के आरोप में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना शुक्रवार को पूर्व ग्राम प्रधान अवधेश मौर्य के घर पर हुई। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनूप कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''आरोपी अहमद समारोह में रोटियां बना रहा था। शिकायत और सामने आए वीडियो के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।'' उन्होंने कहा, ''संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है और आगे की जांच जारी है।'' इस मामले का वीडियो स्थानीय निवासी अजय राय ने पुलिस के साथ साझा किया, जिन्होंने अधिकारियों को सूचित किया और एक लिखित शिकायत दर्ज कराई।

## ईडी के समन का 'अनुपालन न करने' के मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन अदालत में पेश हुए



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन का कथित तौर पर पालन नहीं करने से संबंधित मामले में शनिवार को यहां एक एमपी/एमएलए अदालत के समक्ष पेश हुए। एक वकील ने यह जानकारी दी। वकील ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 7,000 रुपये के दो जमानत मुचलके भी दाखिल किए। उन्होंने बताया कि मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर को होगी। सोरेन के वकील प्रदीप चंद्रा ने कहा, ''झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर मुख्यमंत्री आज एमपी-एमएलए अदालत में पेश हुए। अब से, मुख्यमंत्री को व्यक्तिगत रूप से पेश होने की आवश्यकता नहीं है।'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सोरेन के अधिवक्ता 12 दिसंबर को अगली सुनवाई के दौरान उनका प्रतिनिधित्व करेंगे। ईडी ने कथित भूमि घोटाले के संबंध में सोरेन को जारी किए गए कई नोटिस के बावजूद पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं होने पर अदालत का रुख किया था।

## झारखंड: नौकरी दिलवाने का झांसा देकर लोगों को ठगने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**गोड्डा :** झारखंड के गोड्डा जिले में छात्रों और नौकरी चाहने वालों को रोजगार दिलवाने का झांसा देकर ठगने के आरोप में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को गोड्डा टाउन थाना क्षेत्र के अंतर्गत रूपियामा इलाके में छापेमारी की और महेशपुर निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गोड्डा के अनुमंडल स्तरीय पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अशोक कुमार ने कहा, हमें सूचना मिली थी कि कुछ लोगों ने आईआरसीटीसी (रेल ऐप) के नाम पर एक फर्जी कार्यालय स्थापित किया है और बेरोजगार युवाओं को नौकरी का लालच दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 150 लोगों से कथित तौर पर एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई। एसडीपीओ ने बताया कि गिरोह के कुछ सदस्य दुमका जिले के रहने वाले हैं। कुमार ने बताया, पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## अयोध्या में नयी मस्जिद परियोजना की शुरुआत संभवत: अप्रैल 2026 में होगी

**लखनऊ :** वर्ष 1992 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के 33 साल बाद, धन्नीपुर गांव में नयी मस्जिद परियोजना के लिए संभावित समय सीमा अप्रैल 2026 हो सकती है। इस परियोजना का काम देख रहे ट्रस्ट के प्रमुख ने यह जानकारी दी। इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन (आईआईसीएफ) के अध्यक्ष जुफर फारूकी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, यदि सब कुछ ठीक रहा और अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) मस्जिद के संशोधित ले आउट प्लान को मंजूरी दे देता है, तो मस्जिद परियोजना के लिए संभावित समय सीमा अप्रैल 2026 हो सकती है। मस्जिद के संशोधित ले आउट प्लान को हम दिसंबर के अंत तक जमा करने की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, मस्जिद परियोजना के आसपास के विवादों और आरोप-प्रत्यारोप के बावजूद, पांच साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मूल मस्जिद परियोजना के बारे में अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। पांच साल से अधिक समय पहले उच्चतम न्यायालय के आदेश पर राज्य सरकार ने मस्जिद के लिए पांच एकड़ जमीन आवंटित की थी।

## अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस की 33वीं बरसी पर चप्पे-चप्पे पर निगरानी

**अयोध्या :** बाबरी मस्जिद विध्वंस की 33वीं बरसी पर शनिवार को अयोध्या में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और चप्पे-चप्पे पर पुलिस निगरानी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने मंदिर नगरी और उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में सघन जांच अभियान चलाया, कई चौकियों पर वाहनों को रोका, पहचान पत्रों की जांच की और नवनिर्मित राम मंदिर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और प्रमुख सड़कों पर निगरानी बढ़ा दी। पुलिस अधीक्षक (शहर) चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा, छह दिसंबर अयोध्या के लिए हमेशा एक संवेदनशील तारीख होती है। इस साल, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि शांति या सुरक्षा भंग न हो। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक समारोहों या रैलियों पर रोक लगाने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं, जबकि होटलों को आगंतुकों का विस्तृत रिकॉर्ड रखने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्तों और श्वान दस्ते ने भी रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कर्मियों के साथ मिलकर रेलवे



स्टेशन के पार्किंग क्षेत्रों की जांच की। अयोध्या के एक सामाजिक कार्यकर्ता इंदु भूषण पांडे ने कहा, सरकार ने अंतिम फैसले के बाद 'काला दिवस' या 'विजय दिवस' मनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां, जिनमें अशोक सिंघल, कल्याण सिंह, बाल ठाकरे, महंत अवैद्यनाथ और मुरली मनोहर जोशी शामिल हैं, या तो दिवंगत हो चुकी हैं या सार्वजनिक जीवन में सक्रिय नहीं हैं।

### वाराणसी में कड़ी सुरक्षा के बीच निगरानी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश में बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर शनिवार को वाराणसी में पुलिस लगातार सतर्क है और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। दशाश्वमेध के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि छह दिसंबर को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है और पुलिस अधिकारी विभिन्न इलाकों में गश्त कर रहे हैं। भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। त्रिपाठी ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर जांच अभियान चलाया जा रहा है। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर नजर रख रहे हैं। संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में छतों पर सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं। दूरबीन और उच्च क्षमता वाली टॉर्च जैसे उन्नत निगरानी उपकरणों से निगरानी की जा रही है।

## वर्ग पहेली नं। 3284

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | | 8 | ■ | | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | 12 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 13 | ■ | 14 | | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | 17 | | 18 | ■ | 19 | | | ■ |
| 20 | | | ■ | 21 | 22 | | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | | ■ | 26 | | ■ |
| 27 | 28 | ■ | 29 | | | 30 | ■ | 31 | 32 |
| 33 | | | | ■ | ■ | 34 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) रोना धोना, 4) सुखाया अंगूर, 7) उथलपुथल, 9) आद्य, 11) सफलता, 14) ध्वनि, 15) चुकता, 16) घोटाला, 19) दफ़नाना, 20) अपराध, 21) कंगाल, 23) जोरू, 24) प्याला, 26) ख़ात्मा, 27) शासन, 29) भिड़ना, 31) ठिंगना, 33) निगलना, 34) तत्काल.

*ऊपर से नीचे:-* 2) कृश, 3) सस्ता; फूल-सा, 5) पियक्कड़, 6) लज्जित, 8) इच्छा, 10) मुआवज़ा, 12) स्मृतिचिन्ह, 13) जेब, 15) अंडबंड, 17) ज्वाला, 18) सीढ़ी, 20) भटका हुआ, 22) कार्यक्षेत्र, 25) मानना; एक बिहारी शहर, 28) कंद, 30) नृत्य, 32) पटसन; जूट.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | ल | ब | ली | ■ | ज | ल | न | ख़ो | र |
| चा | ■ | हा | ■ | वि | स्ता | र | ■ | ■ | ज |
| खा | ल | ना | ■ | धा | ■ | ज | न्म | जा | त |
| च | ट | ■ | प | न | प | ना | ■ | गृ | ■ |
| ■ | ना | म | क | ■ | ह | ■ | अ | ति | ■ |
| अ | ■ | ला | ड़ | ■ | चा | ली | स | ■ | भो |
| पा | य | ल | ■ | ली | न | ■ | म | ग | र |
| हि | ■ | ■ | ब | द | ना | मी | ■ | र | ■ |
| ज | मा | व | ड़ा | ■ | ■ | ठा | ट | बा | ट |

## सुडोकू-पहेली-3242

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 3 | | 1 | | | |
| | | 8 | | | | 7 | | 5 |
| | | | 7 | | | 1 | | |
| | 1 | 2 | | | 3 | | | |
| 7 | | | | 6 | | | | |
| | 3 | | 8 | | | | | |
| | 8 | | | | | 9 | | |
| | 9 | | | | 4 | | 5 | 8 |
| | | | | | 2 | | | 7 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3241 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 5 | 3 | 8 | 4 | 6 | 2 | 9 |
| 8 | 3 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 2 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 9 | 7 | 8 | 6 |
| 9 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |

# मनरेगा के तहत केंद्र पर बंगाल का लगभग 52,000 करोड़ रुपये बकाया : तृणमूल कांग्रेस

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को केंद्र सरकार पर संसद को 'गुमराह' करने का आरोप लगाया और दावा किया कि केंद्र पर प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना 'मनरेगा' के तहत राज्य का लगभग 52,000 करोड़ रुपये बकाया है। इस दिन, दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यसभा में तृणमूल की उपनेता सागरिका घोष और लोकसभा में पार्टी की उपनेता शताब्दी रॉय ने कहा कि मार्च 2022 में धनराशि रोके जाने से पहले पश्चिम बंगाल शीर्ष प्रदर्शन करने वाले मनरेगा राज्यों में से एक था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस



योजना में लगभग 1.37 करोड़ परिवार नामांकित हैं, जिनमें से लगभग 70 लाख परिवारों को हर साल काम मिलता था। इस सप्ताह लोकसभा और राज्यसभा दोनों में दिए गए लिखित उत्तरों में, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि आठ मार्च, 2022 तक, जब योजना स्थगित कर दी गई थी, पश्चिम बंगाल के लिए मनरेगा के तहत कुल लंबित देनदारी 3,082.52 करोड़ रुपये है। इसमें मजदूरी के लिए 1,457.22 करोड़ रुपये, सामग्री के लिए 1,607.68 करोड़ रुपये शामिल हैं। हालांकि, टीएमसी नेताओं ने दावा किया कि पहले से किए गए काम के लिए बकाया राशि में मजदूरी घटक के तहत 3,700 करोड़ रुपये और गैर–मजदूरी घटक के तहत 3,200 करोड़ रुपये शामिल हैं। घोष ने कहा कि पहले से किए गए काम के लिए कुल बकाया 6900 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि जिस समय योजना लागू नहीं की गई थी, उस अवधि के लिए केंद्र द्वारा देय अनुमानित बकाया मजदूरी घटक के तहत 28,400 करोड़ रुपये और गैर–मजदूरी घटकों के तहत 16,400 करोड़ रुपये होगा। घोष ने दावा किया कि कुल अनुमानित बकाया 44,800 करोड़ रुपये है। बंगाल के लिए मनरेगा का कुल बकाया 51,700 करोड़ रुपये है। घोष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने काम के कानूनी अधिकार को बंगाल के ग्रामीण लोगों के खिलाफ एक राजनीतिक हथियार में बदल दिया है।

# बंगाल में नफरत फैलाने वाली सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि नफरत फैलाने वाली सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार देश के संवैधानिक आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा करने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिन, मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि राज्य की भूमि एकता की भूमि है। यह रवींद्रनाथ (टैगोर) की भूमि है, नजरुल (इस्लाम) की भूमि है, रामकृष्ण–विवेकानंद की भूमि है। इस भूमि ने कभी किसी विभाजनकारी कदम के सामने सिर नहीं झुकाया और वह आने वाले दिनों में भी ऐसा नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि



बंगाल में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन और बौद्ध – जानते हैं कि कंधे से कंधा मिलाकर कैसे चलना है। हम अपनी खुशियां एक–दूसरे के साथ बांटते हैं, क्योंकि हमारा विश्वास है कि धर्म के अनुसार अपनी आस्था का पालन करना हर व्यक्ति का अधिकार है। उन्होंने सभी को 'संहति दिवस' की शुभकामनाएं भी दीं। ममता ने कहा कि हमारी लड़ाई उन लोगों के खिलाफ जारी रहेगी जो सांप्रदायिक नफरत की आग भड़का रहे हैं और राष्ट्र के खिलाफ विनाशकारी खेल खेल रहे हैं। हम संविधान में निहित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा करने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ममता ने कहा कि अद्वितीय विचारक और समाज सुधारक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर नमन। भारत के संविधान के मसौदे को तैयार करने में उनका योगदान अमर रहेगा।

## इंडिगो ने कोलकाता हवाई अड्डे पर 41 उड़ानें रद्द कीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** विमानन कंपनी इंडिगो ने शनिवार को यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 41 उड़ानें रद्द कर दीं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि 41 उड़ानों में से 21 विभिन्न गंतव्यों से आने वाली थीं। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को कोलकाता हवाई अड्डे पर 73 उड़ानें विभिन्न गंतव्यों से पहुंचनी थीं और 102 उड़ानों का रवाना होना निर्धारित था। शुक्रवार को इंडिगो ने कोलकाता हवाई अड्डे से 47 उड़ानें (आगमन और प्रस्थान) रद्द कर दी थीं। इंडिगो के उड़ान परिचालन में कम से कम पिछले पांच दिनों से काफी बाधा आ रही है, जिससे बड़ी संख्या में उड़ान रद्द और विलंबित हो रही हैं।

# राज्य में लोगों को मंदिरों और मस्जिदों के नाम पर डराया धमकाया जा रहा : फिरहाद हकीम

### टीएमसी ने कोलकाता में मनाया एकता दिवस, विपक्ष पर लगाया धार्मिक कट्टरता फैलाने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शनिवार को राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए रैलियों और जनसभाओं के साथ 'संहति दिवस' (एकता दिवस) मनाया। टीएमसी के शीर्ष नेताओं ने कोलकाता के मेयो रोड पर एक जनसभा की और धार्मिक कट्टरता फैलाने के प्रयासों के लिए विपक्षी नेताओं पर जमकर हमला बोला। टीएमसी के वरिष्ठ नेता और राज्य के शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि पार्टी के अंदर कुछ गद्दार हैं, जो लोगों को धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। हकीम ने आगे कहा कि राज्य में लोगों को मंदिरों और मस्जिदों के नाम पर डराया धमकाया जा रहा है। राज्य के लोग धार्मिक कट्टरता में



विश्वास नहीं रखते, लेकिन समाज को उन लोगों से बचाना होगा जो धर्म के नाम पर लोगों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। समाज को एकजुट रखना होगा। धार्मिक कट्टरता के कारण कई देश बहुत पीछे चले गए हैं, जबकि भारत धर्मनिरपे–क्षता के कारण इतना आगे बढ़ा है। मेयर ने कहा कि यह काजी नजरूल इस्लाम का बंगाल है। यहां हिंदू और मुसलमानों के बीच भाईचारा और दोस्ती है। यहां हम लोगों के धार्मिक विश्वास के आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं, हालांकि कुछ गद्दार हैं जो लोगों और पार्टी दोनों को धोखा देते हैं। बंगाल में लोग ऐसे गद्दारों का कभी साथ नहीं देंगे। यह वह धरती है जो हमेशा धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए खड़ी रही है। इस दौरान राज्य मंत्री शशि पांजा, पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी और अन्य लोग भी जनसभा में मौजूद थे। उन्होंने भाजपा पर वोटर लिस्ट की एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर और खासकर 2026 के राज्य विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल में लोगों को बांटने का आरोप लगाया।

## पीएम मोदी की यात्रा से पहले नदिया में ममता बनर्जी की सभा तैयारी तेज, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित यात्रा से पहले मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी 11 दिसंबर को नदिया जिले में सभा करने जा रही हैं। उनकी इस सभा से पहले सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन मुस्तैद हो चुका है। शनिवार को दक्षिण बंगाल के एडीजी सुप्रतीम सरकार कृष्णनगर पहुंचे और सभा स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि ममता बनर्जी की सभा कृष्णनगर गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में होने वाली है। एडीजी ने मंच निर्माण, भीड़ नियंत्रण, प्रवेश और निकास मार्ग, और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक और कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जल्द ही जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त बैठक होगी, जिसमें सुरक्षा और आयोजन से जुड़े अंतिम निर्णय लिए जाएंगे।

# सोनागाछी में मंगलवार को 'यौन कर्मियों' के लिए लगेगा एसआईआर का विशेष शिविर

**कोलकाता, समाज्ञा :** एशिया के सबसे बड़े रेड–लाइट इलाके, कोलकाता के सोनागाछी में, यौन कर्मियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने में मदद करने के लिए 9 दिसंबर को एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप वहां की यौन कर्मियों की मदद के लिए लगाया जा रहा है, ताकि वे मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए अपने फॉर्म आसानी से भर सकें। यह पहल यौन कर्मियों के कल्याण के लिए काम करने वाले संगठनों द्वारा जताई गई चिंताओं के बाद की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि यौन कर्मियों को फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए 9 दिसंबर को सोनागाछी में एक विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग के अधिकारी 166–श्यामपुकुर निर्वाचन क्षेत्र के भीतर आने वाले वार्डों का दौरा करेंगे, यौन कर्मियों से मिलेंगे, उनकी चिंताओं को सुनेंगे और फॉर्म भरने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि गत 21 नवंबर को, यौन कर्मियों के कल्याण के लिए काम करने वाले तीन संगठनों – सोसाइटी ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट एंड सोशल एक्शन, उषा मल्टीपर्पज को–ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और हमरा पदातिक – ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को एक ईमेल भेजा था। इसमें उन्होंने मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया से जुड़ी कई समस्याओं के बारे में बताया था। खबर यह भी थी कि इस प्रक्रिया से जुड़ी चिंता के कारण कुछ कार्यकर्ता इलाका छोड़कर जा रहे थे। इसके जवाब में, सीईओ कार्यालय ने आश्वासन दिया कि इन चिंताओं को दूर करने और समुदाय की मदद करने के लिए एक समर्पित शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**e-Tender Notice**
The TIC, Subdi Devjani Girls High School (H.S.) PO-Subdi, Dist.- Purba Medinipur, invites percentage rate eTenders. N.I.T. MEMO No.-SDG/CW/2025/05 dated-28/11/2025, Information details are available in the website https://wbtenders.gov.in
Sd/-
TIC,
Subdi Devjani Girls High School (H.S.)
PO- Subdi, Dist.- Purba Medinipur

## फर्जी दस्तावेज पर मिला 6 करोड़ का बैंक लोन, बैंक के डीएसए घनश्याम गुप्ता गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता में 6 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में एक और बड़ी गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने घनश्याम गुप्ता नाम के एक व्यक्ति को शुक्रवार देर रात कांकुड़गाछी स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। वह इस मामले में साजिशकर्ता के रूप में सामने आया है।




यह मामला वर्ष 2023 का है, जिसमें एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक से फर्जी प्रॉपर्टी डीड जमा कर करोड़ों रुपये का कैश क्रेडिट लोन लिया गया था। आरोप है कि दस्तावेज़ जाली होने के बावजूद बैंक से 6 करोड़ रुपये की लोन सुविधा प्राप्त की गई और बाद में इस राशि को कई खातों में घुमाकर गैरकानूनी तरीके से इस्तेमाल किया गया। इसके बाद लोन की राशि वापस नहीं चुकाई गई।

जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि घनश्याम गुप्ता बैंक का डीएसए था और उसने षीसशव दस्तावेज़ों के आधार पर लोन मंजूर करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिर्फ कमीशन ही नहीं, बल्कि धोखाधड़ी की रकम का बड़ा हिस्सा भी उसके खाते में ट्रांसफर किया गया। इससे पहले दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

गिरफ्तार आरोपी घनश्याम गुप्ता को कोलकाता के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस उसकी रिमांड की मांग करेगी ताकि आगे पूछताछ और जांच की जा सके।

# एक दिन में 9,000 किमी ग्रामीण सड़क का होगा उद्घाटन

### नवान्ना ने जिलाधिकारियों को दी तैयारी की जिम्मेदारी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ग्रामीण सड़क विकास को लेकर बड़े स्तर पर कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। पथश्री परियोजना के तहत राज्य में एक ही दिन में 9,000 किलोमीटर से अधिक नई ग्रामीण सड़कों का उद्घाटन किया जाएगा। इसके लिए नवान्ना से सभी जिलाधिकारियों को तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं।



शनिवार को मुख्य सचिव मनोज पंत ने जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में निर्देश दिया गया कि जिस दिन सड़कें उद्घाटित होंगी, उस दिन सभी ब्लॉकों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही नए बने मार्गों के स्थानों पर होर्डिंग और फ्लेक्स लगाकर प्रचार करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक नई सड़क के प्रारंभ और अंत में एक बोर्ड लगाया जाएगा, जिसमें कुल लागत, सड़क की लंबाई और निर्माण में लगा समय स्पष्ट रूप से लिखा होगा। इसके लिए राज्य पंचायती राज विभाग जल्द ही विस्तृत दिशानिर्देश जारी करेगा।

सूत्रों के अनुसार, यह उद्घाटन कार्यक्रम राज्य स्तर से केंद्रीकृत रूप में आयोजित किया जाएगा और जिलों को इसे सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# कांग्रेस ने कोलकाता में सद्भावना रैली निकाली

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करने के कथित प्रयासों के खिलाफ नारे लगाते हुए शनिवार को 'सद्भावना रैली' के तहत कोलकाता में उसी सड़क पर स्थित एक मस्जिद से मंदिर तक एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक मार्च किया। पार्टी ने लोगों से छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद के दिनों को वापस न लाने का आह्वान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने कहा कि हम यह संदेश देना चाहते हैं कि मंदिर और मस्जिद बनाने से भूखमरी दूर नहीं होगी और लाखों लोगों को रोजगार के अवसर नहीं मिलेंगे। हम हर धर्म का सम्मान करते हैं। हम लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़काकर उन्हें धार्मिक पहचान के आधार पर



बांटने की राजनीति के खिलाफ हैं। हमारी रैली का मार्ग विभिन्न समुदायों और धार्मिक आस्थाओं के बीच एकता और विविधता में एकता का प्रतीक है। शुभंकर सरकार और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी इस रैली में शामिल हुए। रैली एस्प्लेनेड स्थित टीपू सुल्तान मस्जिद से शुरू हुई और सेंट्रल एवेन्यू होते हुए जोड़ासांको क्षेत्र में राम मंदिर के सामने समाप्त हुई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि हम तृणमूल कांग्रेस के शासन के दौरान बंगाल में व्याप्त कदाचार और भ्रष्टाचार की भी निंदा करते हैं तथा धार्मिक आधार पर लोगों के बीच दरार पैदा करने के प्रयासों के बीच युवाओं के लिए घटते रोजगार अवसरों की भी निंदा करते हैं।

# टेंगरा में एसटीएफ के हत्थे चढ़ा बिहार का कुख्यात अपराधी

❑ **हत्या, जमीन हड़पने, जबरन वसूली समेत कई आरोपों का था वांछित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिहार के फुलवारी शरीफ के कुख्यात भू–माफिया और अपराधी नौशाद मलिक को एसटीएफ और पश्चिम बंगाल पुलिस की संयुक्त टीम ने कोलकाता के टेंगरा थाना इलाके में स्थित एक अपार्टमेंट से देर रात गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक जानकारी में बताया गया है कि नौशाद के खिलाफ बिहार में जमीन कब्जा, रंगदारी वसूली और हत्या सहित कई गंभीर मामलों में प्राथमिकी दर्ज है। हाल ही में, एक कॉलोनी में हुई फायरिंग की घटना के बाद उसके खिलाफ नया मामला दर्ज हुआ था और पुलिस उसकी तलाश में थी। पुलिस के अनुसार, अपराध करने के बाद आरोपित नौशाद अक्सर



पुलिस से बचने को कोलकाता या गोवा में छिप जाता था। इस बार, उसके कोलकाता में मौजूद होने की जानकारी मिलते ही बिहार पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई की और उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच में खुलासा हुआ कि नौशाद ने कोलकाता में एक लक्जरी फ्लैट खरीद रखा था और हर वारदात के बाद वह यहीं छिपकर रहता था। गुरुवार की शाम संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर टेंगरा इलाके में छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

# कोलकाता में सबसे सर्द रही शनिवार की सुबह, तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज

### अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता सहित राज्य के विभिन्न जिलों में शनिवार को न्यूनतम तापमान घटकर इस सर्दी के मौसम में अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले सात दिनों तक राज्य में शुष्क मौसम बने रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कोलकाता में शनिवार की सुबह 6.30 बजे न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से 2.1 डिग्री कम है। उन्होंने कहा कि कोलकाता में अधिकतम तापमान लगभग 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। आईएमडी ने बताया कि अगले सात दिनों में राज्य के किसी भी जिले में रात के तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि पूरे राज्य में मौसम शुष्क बना रहेगा। आईएमडी ने कहा कि अगले तीन दिनों में दक्षिण दिनाजपुर को छोड़कर उत्तर बंगाल के सभी जिलों में एक या दो स्थानों पर सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाए रहने की आशंका है, जिससे दृश्यता घटकर एक किलोमीटर से भी कम रह सकती है। विभाग के अनुसार राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में सबसे कम तापमान दार्जिलिंग में छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अन्य पर्वतीय शहर कलिम्पोंग में यह 11 डिग्री सेल्सियस रहा।

# कोलकाता में 'शौर्य यात्रा' के जरिए हिन्दू एकता का संदेश, शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर बोला हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 2026 विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा है। शनिवार को कोलकाता में भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने 'शौर्य यात्रा' में हिस्सा लिया, जिसका उद्देश्य हिन्दू एकता का संदेश देना बताया गया। यह यात्रा स्वामी विवेकानंद के पैतृक आवास से शुरू होकर उत्तर कोलकाता के श्यामबाजार पांच–माथा मोड़ तक लगभग 1.7 किलोमीटर चली। यह जुलूस 'सिंह वाहिनी' नामक एक धार्मिक संगठन द्वारा आयोजित किया गया था। बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी पर आयोजित रैली में बड़ी संख्या में संगठनों के प्रतिनिधि तथा आम लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान, शुभेंदु अधिकारी ने बेलडांगा में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद जैसी संरचना वाले मस्जिद के शिलान्यास को खतरनाक कदम बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी नए धार्मिक स्थल से हमें आपत्ति नहीं है, लेकिन ऐसा कोई कदम नहीं उठना चाहिए जिससे सामाजिक तनाव बढ़े। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि राज्य के 70 प्रतिशत हिन्दुओं को एकजुट होकर कट्टरपंथी ताकतों का मुकाबला करना होगा ताकि राम राज्य जैसा सुशासन स्थापित किया जा सके। उनका दावा है कि यह रैली टीएमसी की तुष्टीकरण राजनीति के खिलाफ है,



जिसके कारण बंगाल की जनसांख्यिकी में बदलाव की आशंका पैदा हो रही है। सभा में मतुआ समुदाय और पिछड़ी जातियों के कई लोग भी शामिल हुए। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि अब समय आ गया है कि धार्मिक रूप से प्रतिबद्ध हिन्दू एक मंच पर आएं और राज्य में राजनीतिक परिवर्तन लाएं। उन्होंने दावा किया कि हुमायूं कबीर को हिन्दुओं का समर्थन नहीं मिलेगा और आने वाले दिनों में जो हिन्दुओं के हित में काम करेगा, वही बंगाल पर शासन करेगा। अधिकारी ने यह भी कहा कि यह यात्रा उन कारसेवकों को श्रद्धांजलि देने के लिए निकाली गई है, जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में योगदान दिया था।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं०: 1. ई–निविदा सूचना सं० एवं निविदा कार्य का विवरण:** टेण्डर नं.–''35–जीकेपी–एमडब्लूएस–2025–26'' ''सप्लाई, रिमुवल एण्ड एप्लीकेशन ऑफ विनाइल ग्राफिक फिल्म ऑन एक्सटीरिअर ऑफ एलएचबी कोचेज फॉर 24 मन्थ्स इन मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर'', **अनुमानित लागत (रू० में):** 24716331.48, **धरोहर राशि (रू० में):** 273600.00, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि:** 27.12.2025 11.00 बजे, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:**– रू० शून्य, **संविदा की अवधि:**– 24 माह, उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या **http://www.ireps.gov.in** पर देखे।
उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य यांत्रिक कारखाना, मुजाधि/यांत्रिक–100 गोरखपुर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पश्चिम मध्य रेल**
भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवम उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैः- **क्रम सं. : 1, टेंडर संख्याः** 220/2025 आर, **कार्य का विवरणः** प्रोविजन ऑफ 6 यूनिट टाइप-2 क्वार्टरस एट रणथभौर स्टेशन ऑन रिपलेसमेंट अकांउट, **अनुमानित लागतः** ₹ 1,00,18,536.24, **बयाना राशिः** ₹ 2,00,100.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समयः** 22.12.2025 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं. : 2, टेंडर संख्याः** 221/2025 ए, **कार्य का विवरणः** अम्मुनिशन डिपो भरतपुर-ट्रेक रिन्यूवल वर्क विद 60 के.जी. रेलस एण्ड स्लीपर इन्कुलिड़िग बैलास्ट कुशन एण्ड अर्थ वर्क, **अनुमानित लागतः** ₹ 2,76,84,474.11, **बयाना राशिः** ₹ 2,88,400.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समयः** 22.12.2025 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 3, टेंडर संख्याः** 222/2025, **कार्य का विवरणः** डीईएन (सेन्ट्रल) कोटा सेक्शन-बैल्डिग ऑफ 60 केजी-52 केजी 90 यूटीएस एण्ड आर-260 रेल्स इन-सिटू विद सिंगल शॉट क्रूसिब्ल फिटेड़ एण्ड सप्लाई ऑफ एटी वेल्ड पौंसनस इन कनेक्शन विद वेरियस सैगंक्शन्ड ट्रेक वर्कस, **अनुमानित लागतः** ₹ 1,47,12,367.69, **बयाना राशिः** ₹ 2,23,600.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समयः** 22.12.2025 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं. : 4, टेंडर संख्याः** 223/2025 आर, **कार्य का विवरणः** सिनियर डिईएन/साउथ एण्ड डीईएन/ईस्ट जूरिस्डिक्शन-सप्लाई, इन्सटालेशन एण्ड कमीशनिंग ऑफ ट्रेक बेस्ड रेल गेज फेस लुबरिकेटर (इलेक्ट्रोनिक्स टाइप) (विद एएमसी ऑफ 5 ईयरस)-20 नम्बर्स, **अनुमानित लागतः** ₹2,71,88,136.00, **बयाना राशिः** ₹ 2,86,000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समयः** 26.12.2025 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 5, टेंडर संख्याः** 224/2025, **कार्य का विवरणः** 1. प्रोविजन ऑफ मोडुलर किचन इन ऑफिसर टाइप फोर क्वार्टरस एण्ड कन्सट्रक्शन ऑफ बाउड्री वॉल इन क्वार्टरस, 2. कन्सट्रक्शन ऑफ साइकिल स्टैण्ड इन डीआरएच-कोटा, **अनुमानित लागतः** ₹ 1,05,21,796.18, **बयाना राशिः** ₹ 2,02,600.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समयः** 26.12.2025 को 15:30 घंटे पर। **नोटः** पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई-निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटस बोर्ड पर देखा जा सकता है। **(हस्ता.)**
**वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय**
**पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**हावड़ा और नई दिल्ली तथा सियालदह और लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच स्पेशल ट्रेनें**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **04460/04459 नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल, 03009/03010 हावड़ा-नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल एवं 03127/03128 सियालदह-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सियालदह स्पेशल** ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समय-सारिणी, ठहराव, यात्रा के दिन और गठन के अनुसार चलाई जायेंगी :

**04460/04459 नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन**

| नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल | | | (04460) (04459) | हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| दिन - 1 | – | 18.15 | ↓ नई दिल्ली | 08.20 | – | दिन - 2 |
| दिन - 2 | 14.20 | 14.30 | गया जंक्शन | 10.15 | 10.25 | दिन - 1 |
| | 18.52 | 19.02 | आसनसोल जंक्शन | 04.50 | 04.55 | |
| | 21.28 | 21.30 | बर्द्धमान | 03.22 | 03.24 | |
| | 23.30 | – | हावड़ा जंक्शन ↑ | – | 01.30 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग के ग़ाज़ियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, जंघई जंक्शन, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जंक्शन, दुर्गापुर और बैंडेल स्टेशनों पर भी रुकेगी। **यात्रा की तारीख/दिन : नई दिल्ली से 04460**– दिनांक 06.12.2025 (शनिवार) को तथा **हावड़ा से 04459** – दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को। **गठन :** वातानुकूलित प्रथम श्रेणी - 01, वातानुकूलित 2-टियर सह प्रथम श्रेणी - 01, वातानुकूलित 2-टियर - 02, वातानुकूलित 3-टियर - 12 और पावर कार - 02 = 18 कोच। **श्रेणी :** मेल/एक्सप्रेस।

**03009/03010 हावड़ा-नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल ट्रेन**

| हावड़ा - नई दिल्ली स्पेशल | | | (03009) (03010) | नई दिल्ली - हावड़ा स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| दिन - 1 | – | 23.00 | ↓ हावड़ा | 13.30 | – | दिन - 2 |
| दिन - 2 | 00.15 | 00.17 | बर्द्धमान | 11.10 | 11.12 | |
| | 02.32 | 02.37 | आसनसोल जंक्शन | 08.10 | 08.15 | |
| | 08.02 | 08.07 | गया जंक्शन | 02.20 | 02.25 | |
| दिन - 3 | 04.30 | – | नई दिल्ली ↑ | – | 07.30 | दिन - 1 |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग के दुर्गापुर, धनबाद, कोडरमा, सासाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, गोविंदपुरी, इटावा जंक्शन और टूंडला जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेगी। **यात्रा की तारीख/दिन : हावड़ा से 03009** – दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को तथा **नई दिल्ली से 03010** – दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को तथा 10.12.2025 (बुधवार) को। **गठन (08.12.2025 को नई दिल्ली से शुरू होने वाली यात्रा के लिए) :** वातानुकूलित 2-टियर - 01, वातानुकूलित 3-टियर - 08, वातानुकूलित 2-टियर सह वातानुकूलित 3-टियर - 01, शयनयान श्रेणी - 02, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 05, एसएलआरडी-02 = 19 कोच। **गठन (08.12.2025 को हावड़ा से एवं 10.12.2025 को नई दिल्ली से शुरू होने वाली यात्रा के लिए) :** वातानुकूलित 2-टियर - 01, वातानुकूलित 3-टियर - 05, शयनयान श्रेणी - 09, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 04, एसएलआरडी-02 = 21 कोच। **श्रेणी :** मेल/एक्सप्रेस।

**03127/03128 सियालदह-लोकमान्य तिलक (टी)-सियालदह स्पेशल ट्रेन**

| सियालदह - लोकमान्य तिलक (टी) स्पेशल | | | (03127) (03128) | लोकमान्य तिलक (टी)-सियालदह स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| दिन - 1 | – | 23.10 | ↓ सियालदह | 19.30 | – | दिन - 2 |
| दिन - 2 | 01.45 | 01.47 | बर्द्धमान | 15.45 | 15.47 | |
| | 03.05 | 03.10 | आसनसोल जंक्शन | 13.10 | 13.15 | |
| | 08.00 | 08.05 | गया जंक्शन | 09.05 | 09.10 | |
| दिन - 3 | 15.30 | – | लोकमान्य तिलक (टी) ↑ | – | 06.30 | दिन - 1 |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग के नैहाटी, बैंडेल, दुर्गापुर, धनबाद, कोडरमा, सासाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, माणिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड, नासिक रोड, इगतपुरी और कल्याण स्टेशनों पर भी रुकेगी। **यात्रा की तारीख/दिन : सियालदह से 03127** – दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को तथा **लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 03128** – दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को तथा 11.12.2025 (बृहस्पतिवार) को। **गठन :** वातानुकूलित 2-टियर - 01, वातानुकूलित 3-टियर - 05, शयनयान श्रेणी - 09, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 04, एसएलआरडी-02 = 21 कोच। **श्रेणी :** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# माध्यमिक परीक्षा: रजिस्ट्रेशन में देरी पर स्कूलों पर लगा 5,000 रुपये प्रति छात्र जुर्माना

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल मध्य शिक्षा परिषद ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए उन स्कूलों पर प्रति छात्र 5,000 रुपये का जुर्माना लगाने का निर्णय लिया है, जिन्होंने निर्धारित समय सीमा पार होने के बाद भी अपने छात्रों का माध्यमिक परीक्षा के लिए पंजीकरण नहीं कराया है।

सूत्रों के अनुसार, परिषद ने ऐसे 53 स्कूलों की पहचान की है, जहां लगभग 150 से अधिक छात्रों का रजिस्ट्रेशन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी लंबित है। फरवरी 2026 से माध्यमिक परीक्षा शुरू होने वाली है, लेकिन इसके




बावजूद समय सीमा का पालन नहीं किए जाने पर यह कड़ा कदम उठाया गया।

परिषद ने बताया कि स्कूलों को रजिस्ट्रेशन के लिए इस वर्ष सितंबर महीने तक की समय सीमा दी गई थी। इसके बावजूद समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं की गई, जबकि परिषद की ओर से पहले ही कई बार नोटिस और चेतावनी भेजी जा चुकी थी।

जुर्माने को लेकर परिषद ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यह राशि छात्रों या उनके अभिभावकों से नहीं ली जाएगी, बल्कि संबंधित स्कूलों को अपने खर्च पर जमा करनी होगी। परिषद ने इस फैसले के पीछे पिछले वर्ष के हाई कोर्ट के निर्देशों का भी उल्लेख किया है।

परिषद का कहना है कि पहले भी देर से रजिस्ट्रेशन करने वाले कई स्कूलों के छात्रों का नामांकन बिना किसी जुर्माने के स्वीकार किया गया था, लेकिन इस बार निर्देशों की अनदेखी और निर्धारित समयसीमा के पालन न करने पर सख्त कार्रवाई आवश्यक हो गई।

इस मामले पर पूछे जाने पर परिषद के अध्यक्ष रमानुज गांगोपाध्याय ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## बांकुड़ा में बंद घर से दंपति का शव बरामद, पत्नी की हत्या के बाद पति ने की आत्महत्या

**बांकुड़ा :** जिले के जयपुर थाना अंतर्गत आशुराली गांव में शनिवार की सुबह एक दंपत्ति के शव बरामद किया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में काफी देर तक आवाज देने के बाद भी जब पति-पत्नी ने दरवाजा नहीं खोला, तब चिंतित पड़ोसी दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। अंदर का दृश्य देख सभी स्तब्ध रह गए। पत्नी रक्तरंजित अवस्था में फर्श पर पड़ी थीं और पति फंदे से झूल रहे थे। पुलिस ने बताया कि मृत दंपति का नाम आलोक मंडल और मुक्ता मंडल है। जयपुर थाने की पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर घटना की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दो बेटियों की शादी के बाद किसान आलोक मंडल अपनी पत्नी मुक्ता के साथ आशुराली गांव में एस्बेस्टस की छत वाले मकान में रहते थे। आलोक मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और कई दिनों से उनका इलाज चल रहा था।

शुक्रवार की रात दोनों अपने कमरे में सोए थे। इस दिन, सुबह में देर तक दरवाजा बंद देखकर पड़ोसियों को शक हुआ। कई बार आवाज देने के बाद भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर जाकर देखा कि मुक्ता मंडल का शव कमरे के फर्श पर पड़ा है और पास ही खून से सना सब्जी काटने वाला हसुल था। मुक्ता के माथे और सिर पर कई चोटों के निशान देखकर सभी समझ गए कि उनकी हत्या की गई है। इसके बाद, पड़ोसियों ने देखा कि अटारी की सीढ़ियों के पास आलोक का शव फंदे से लटका हुआ था। परिजनों और पड़ोसियों का अनुमान है कि मानसिक रूप से बीमार आलोक को काम को लेकर पत्नी ने कुछ ताना दिया होगा, जिसके बाद गुस्से में उन्होंने पहसुल से पत्नी की हत्या कर दी। होश आने पर अपराधबोध के कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर दोनों शवों को कब्जे में लिया और बताया कि दंपति की मौत की वास्तविक वजह जानने के लिए शवों को बिष्णुपुर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। फिलहाल, पुलिस ने अप्राकृतिक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बांग्लादेश से लौटी सोनाली से मिल सकते हैं अभिषेक बनर्जी, जल्द तय हो सकती मुलाकात




**कोलकाता :** कई वर्षों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार सोनाली बीबी और उनके नाबालिग बच्चे की घर वापसी संभव हो पाई है। शुक्रवार शाम को वे मालदा सीमा के रास्ते भारत लौटीं। बताया जा रहा है कि शनिवार को सोनाली अपने बीरभूम स्थित घर पहुंचेंगी। इसी बीच खबर है कि तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी जल्द ही सोनाली बीबी से मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि मुलाकात की तारीख और समय अभी तक तय नहीं हुआ है, लेकिन सूत्रों के अनुसार यह मुलाकात जल्द ही होने की संभावना है।

## युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या, सबूत मिटाने के लिए शव जलाने की कोशिश
## बालुरघाट जिला अदालत ने तीन आरोपियों को सुनाया उम्रकैद की सजा

**दक्षिण दिनाजपुर :** युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को जलाकर सबूत मिटाने की कोशिश करने के तीन आरोपियों को बालुरघाट जिला अदालत ने शनिवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। बता दें कि जज ने गत शुक्रवार को आरोपी महाबुर मिया, गौतम बर्मन और पंकज बर्मन को दोषी ठहराया था। पहले दो आरोपी गंगारामपुर के निवासी है, जबकि तीसरा अपराधी तपन इलाके का निवासी है। उल्लेखनीय है कि 6 जनवरी, 2020 को, दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुमारगंज थाना अंतर्गत बेलघर मैदान के बगल में एक पुलिया के नीचे से एक महिला का जला हुआ शव बरामद किया गया था। कथित तौर पर, युवती के साथ दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। बाद में, सबूत मिटाने के लिए पेट्रोल डालकर शव को जलाने की कोशिश की गई। हालांकि, शव को पूरी तरह से जलाना संभव नहीं था। पुलिस ने आधा जला हुआ शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुमारगंज थाने की पुलिस ने घटना की जांच के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांचकर्ताओं ने एक के बाद एक जानकारी इकट्ठा करना शुरू कर दिया। मामला बालुरघाट जिला अदालत में शुरू हुआ। सुनवाई एडीजे फर्स्ट कोर्ट के जज संतोष कुमार पाठक के कोर्ट रूम में जारी रही। तीनों के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई थी। उनके खिलाफ कई सबूत जमा किए गए थे। गत शुक्रवार को कोर्ट ने गिरफ्तार लोगों को दोषी पाया। शनिवार को सज़ा का ऐलान किया गया।

## शादी का वादा करके स्वास्थ्य कर्मी से शारीरिक संबंध और धोखाधड़ी, सिविक वॉलंटियर गिरफ्तार

- आरोपी ने खुद को बताया था पुलिस अधिकारी



**पूर्व बर्दवान :** जिले के केतुग्राम थाने में कार्यरत एक सिविक वॉलंटियर को एक स्वास्थ्य कर्मी के साथ शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाने और धोखाझड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बर्दवान महिला थाने की पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार की दोपहर गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी का नाम अजहर हुसैन है। वह केतुग्राम में रहता है। उसे शनिवार को बर्दवान कोर्ट में पेश किया गया। कथित तौर पर, अजहर ने फेसबुक पर फर्जी पहचान बनाकर दुर्गापुर की एक स्वास्थ्य कर्मी से दोस्ती की थी। बाद में, उसने खुद को एक पुलिसवाला बताया और दावा किया कि उसकी महीने की सैलरी 78 हजार रुपये है। आरोप है कि वह पुलिस लिखी बाइक पर स्वास्थ्य कर्मी से मिलने जाता था। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, अजहर ने शादी का वादा करके स्वास्थ्य कर्मी के साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि उसे हुगली के चंदननगर के एक होटल में ले जाया गया। वर्तमान में, स्वास्थ्य कर्मी बेंगलुरु में रहती है। सच्चाई जानने के बाद उसने गत 14 अक्टूबर को डिस्ट्रिक्ट सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस को ईमेल से शिकायत की। बाद में, उसने बर्दवान महिला थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद से ही पुलिस अजहर की हरकतों पर नजर रख रही थी। स्थानीय लोगों के एक ग्रुप का दावा है कि आरोपी लंबे समय से इलाके में पुलिस ऑफिसर बनकर रह रहा था और सीनियर अधिकारियों से जान-पहचान होने का दावा करके लोगों को डराता था। उसके बाद, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## भातार में दो बसों की आमने-सामने की टक्कर, 22 यात्री घायल

**पूर्व बर्दवान :** जिले के भातार बाजार में बर्दवान-कटवा रोड पर शनिवार को दो बसों की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 20 से 22 यात्री घायल हो गए। इस घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई है। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, दोपहर में भातार बाजार के पास बर्दवान-कटवा रूट की दो बसें तेज रफ्तार में आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा मुड़ गया। हालांकि, घायलों की संख्या 10 से 12 थी, लेकिन बाद में यह बढ़कर 20 से 22 हो गई। हादसे के तुरंत बाद, स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने घायल यात्रियों को जल्दी से बाहर निकाला और उन्हें इलाज के लिए भातार ब्लॉक अस्पताल भेजा। टक्कर के कारण एक बस का ड्राइवर स्टीयरिंग व्हील में फंस गया था। स्थानीय लोगों की काफी कोशिश के बाद, उसे गंभीर रूप से घायल हालत में निकाला गया और इलाज के लिए भातार स्टेट जनरल अस्पताल भेजा गया। कई घायलों को गंभीर हालत में बर्दवान मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना की खबर मिलते ही भातार थाना और फायर ब्रिगेड के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने बचाव अभियान के साथ-साथ ट्रैफिक जाम हटाने की कोशिशें भी शुरू की। हादसे की वजह से बर्दवान-कटवा रोड पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम हो गया। पुलिस क्रेन लाकर हादसे में शामिल दोनों बसों को हटाने और सड़क को नॉर्मल करने की कोशिश की।

## पश्चिम बंगाल न्यायिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आज ब्लू और ग्रीन लाइन पर विशेष मेट्रो सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल न्यायिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 के अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेट्रो रेलवे प्रशासन द्वारा आज ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन पर विशेष मेट्रो सेवाएं चलाने की घोषणा की है। इस दिन ब्लू लाइन पर मेट्रो सेवाएं सामान्य समय से एक घंटे पहले सुबह 8:00 बजे शुरू होंगी और कुल 136 सेवाएं (68 अप और 68 डाउन) संचालित की जाएंगी, जबकि सुबह 8:00 बजे से 9:00 बजे के बीच दोनों दिशाओं में 20 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें उपलब्ध रहेंगी। इस लाइन पर पहली ट्रेन सुबह 08:00 बजे दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम और 08:04 बजे



शहीद खुदीराम से दक्षिणेश्वर के लिए चलाई जाएगी, वहीं अंतिम सेवाओं के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। अंतिम ट्रेन रात 21:30 बजे शहीद खुदीराम से दक्षिणेश्वर, रात 21:33 बजे दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम और रात 21:43 बजे शहीद खुदीराम से दमदम चलाई जाएगी।

वहीं, ग्रीन लाइन पर मेट्रो सेवाएं सुबह 08:00 बजे से शुरू होंगी। इस दिन सामान्य दिनों की तुलना में अधिक सेवाएं चलाई जाएंगी और कुल 110 ट्रेनें (55 अप और 55 डाउन) संचालित होंगी। सुबह 8:00 से 9:00 बजे के बीच हर 20 मिनट के अंतराल पर ट्रेन उपलब्ध होगी। इस रूट की पहली ट्रेनें सुबह 08:00 बजे हावड़ा मैदान और सेक्टर पांच से एक साथ रवाना होंगी, जबकि अंतिम ट्रेन रात 21:45 बजे हावड़ा मैदान से सेक्टर पांच और 21:47 बजे सेक्टर पांच से हावड़ा मैदान के लिए प्रस्थान करेगी। येलो लाइन पर सामान्य सेवाएं जारी रहेंगी, जबकि रविवार होने के कारण पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर मेट्रो सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी।

## हावड़ा-नई दिल्ली और सियालदह-लोकमान्य तिलक के बीच चलेगी अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे द्वारा हावड़ा-नई दिल्ली और सियालदह-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच एक-एक अतिरिक्त स्पेशल रेल सेवा चलायी जा रही है। इन विशेष ट्रेनों के संचालन से 4000 से अधिक अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी। हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन संख्या 03009 8 दिसंबर को रात 23:00 बजे हावड़ा से रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 04:30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में, 03010 नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल ट्रेन 10 दिसंबर को सुबह 07:30 बजे नई दिल्ली से चलेगी और अगले दिन 13:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इस ट्रेनों का ठहराव वर्दवान, दुर्गापुर और आसनसोल में रहेगा तथा इसमें सामान्य श्रेणी, स्लीपर और वातानुकूलित कोच उपलब्ध होंगे। इसी प्रकार सियालदह-लोकमान्य तिलक स्पेशल ट्रेन संख्या 03127 8 दिसंबर को रात 23:10 बजे सियालदह से चलेगी और तीसरे दिन 15:30 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी स्पेशल ट्रेन 03128 11 दिसंबर को सुबह 06:30 बजे लोकमान्य तिलक से रवाना होगी और अगले दिन 19:30 बजे सियालदह लौटेगी। इस ट्रेन का ठहराव नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर और आसनसोल में रहेगा। इसमें भी सामान्य, स्लीपर एवं एसी कोच उपलब्ध रहेंगे।

## नानूर में तृणमूल बूथ अध्यक्ष की हत्या, पांच घायल

**बीरभूम :** जिले के नानूर में शुक्रवार की देर रात तृणमूल कांग्रेस के बूथ अध्यक्ष की निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया है और भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मृत बूथ अध्यक्ष की पहचान रासबिहारी सरकार उर्फ दोदन (50) के रूप में हुई है। वह नानूर के थुपसरा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के बूथ अध्यक्ष थे। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की रात थुपसरा के पातिछाडा गांव स्थित नाटमंदिर में ग्रामीण आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान, दो पक्षों के बीच अचानक विवाद उत्पन्न हो गया। आरोप है कि उसी समय




एक समूह लोहे के रॉड, शाबल और अन्य हथियार लेकर वहां पहुंचा और अंधाधुंध हमला कर दिया। अपराधियों ने रासबिहारी को जमीन पर गिराकर लगातार प्रहार किए। उन्हें बचाने का प्रयास करते हुए पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रासबिहारी को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायल पांचों व्यक्तियों का इलाज पूर्व बर्दवान के मंगोलकोट ब्लॉक अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमला इतनी तेजी से हुआ कि किसी को बचाव या प्रतिरोध का अवसर नहीं मिल सका। हमला कर अपराधी तुरंत वहां से फरार हो गए। सूचना मिलने पर नानूर थाना पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की। क्षेत्र में अभी भी तनाव बना हुआ है। पुलिस का मानना है कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद इस घटना का कारण हो सकता है। हालांकि, यह हमला अचानक हुए विवाद का परिणाम था या पूर्व नियोजित, इसकी जांच जारी है। पुलिस गांव में तलाशी अभियान चला रही है तथा आरोपितो की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### इसूज़ु मोटर्स इंडिया का 'आई-केयर विंटर कैंप', 8-13 दिसंबर तक विशेष सर्विस ऑफर

**कोलकाता, समाज्ञा :** इसूज़ु मोटर्स इंडिया ने अपने ग्राहकों को बेहतर वाहन देखभाल और सर्विस अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए देशभर में 'इसूज़ु आई-केयर विंटर कैंप' आयोजित करने की घोषणा की है। यह सर्विस कैंप 8 से 13 दिसंबर 2025 तक इसूज़ु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्राहक अपनी डी-मैक्स पिक-अप्स और एसयूवी वाहनों के लिए विशेष ऑफर्स और मेंटेनेंस सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। इस कैंप का उद्देश्य सर्दी के मौसम में वाहनों के लिए प्रीवेंटिव मेंटेनेंस सुनिश्चित करना और ग्राहकों को सुगम व सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव प्रदान करना है। कैंप में आने वाले वाहन मालिकों को 37-प्वाइंट्स का फ्री चेकअप, लेबर पर 10% छूट, पार्ट्स पर 5% छूट, ल्यूब्स व फ्लूड्स पर 5% छूट, रिटेल आरएसए पर 20% छूट तथा एक्सटेंडेड वारंटी और अन्य सेवाओं पर आकर्षक ऑफर मिलेंगे।

## इंडिगो उड़ानों के रद्द होने के बाद दक्षिण पूर्व रेलवे की पहल, यात्रियों के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडिगो की हालिया उड़ान रद्द होने से यात्रियों को हो रही असुविधा को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने अतिरिक्त विशेष ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की है। पहली ट्रेन 08073/08074 सांतरागाछी-यलहंका-सांतरागाछी स्पेशल होगी। 08073 सांतरागाछी-यलहंका-सांतरागाछी स्पेशल 7 दिसंबर को दोपहर 14:45 बजे सांतरागाछी से रवाना होगी और तीसरे दिन रात 00:55 बजे यलहंका पहुंचेगी। वापसी में 08074 यलहंका-सांतरागाछी स्पेशल 9 दिसंबर को सुबह 04:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 14:00 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव खड़गपुर और बालेश्वर में रहेगा।

दूसरी ट्रेन, 02870/02869 हावड़ा-सीएसएमटी मुंबई-हावड़ा स्पेशल होगी। 02870 हावड़ा-मुंबई स्पेशल 6 दिसंबर 2025 को दोपहर 13:55 बजे हावड़ा से रवाना होगी और अगले दिन रात 23:45 बजे मुंबई पहुंचेगी। वापसी में, 02869 मुंबई-हावड़ा स्पेशल 8 दिसंबर को 11:05 बजे चलेगी और अगले दिन रात 20:55 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इसका ठहराव खड़गपुर, टाटानगर, राउरकेला और झारसुगुड़ा में तय किया गया है।

तीसरी ट्रेन, 07148/07149 चेरलापल्ली-शालीमार-चेरलापल्ली स्पेशल होगी। 07148 चेरलापल्ली-शालीमार स्पेशल 6 दिसंबर को रात 21:35 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 23:50 बजे शालीमार पहुंचेगी। वापसी में 07149 शालीमार-चेरलापल्ली स्पेशल 8 दिसंबर को दोपहर 12:10 बजे चलेगी और अगले दिन 16:00 बजे चेरलापल्ली पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव सांतरागाछी, खड़गपुर और बालेश्वर में रहेगा।

## श्री जैन विद्यालय, कोलकाता में प्राइमरी सेक्शन का वार्षिक फेट 2025 उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, कोलकाता के प्राइमरी सेक्शन द्वारा आयोजित वार्षिक फेट 2025 का शनिवार को उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम स्कूल कैंपस स्थित सूरज कुमारी कांकरिया एक्टिविटी सेंटर में आयोजित किया गया, जिसका थीम था – एक दिन भरपूर मस्ती, भोजन और उल्लास का! आयोजन सुबह 10 बजे प्रारंभ होकर दोपहर 12 बजे तक चला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक और विद्यालय की प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। फेट में गेम्स और फूड दोनों ही आकर्षण का केंद्र रहे। गेम्स ज़ोन में 'ग्लास में बॉल एमिंग', 'पेपर ग्लास बॉलिंग', 'रिंग थ्रो', 'टैटू व मेहंदी', जैसी गतिविधियों ने बच्चों को रोमांचित किया। वहीं, फूड स्टॉल पर पुचका, दही वड़ा, इडली चिल्ला, ढोकला, गाजर का हलवा और चाट जैसे व्यंजनों ने सभी का मन मोह लिया। सभी स्टॉल छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग से तैयार किए गए थे। कार्यक्रम की सफलता पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद कांकरिया ने संतोष जताते हुए कहा, यह आयोजन हमारी संस्था की जीवंतता का प्रतीक है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में रचनात्मकता और सहयोग की भावना विकसित करते हैं। आगे भी ऐसे उत्सव जारी रहने चाहिए। सचिव मनोज बोथरा ने कहा, यह फेट हमें याद दिलाता है कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि मस्ती और सीख का संगम है। सभी प्रतिभागी और प्राइमरी सेक्शन बधाई के पात्र हैं। प्राचार्य संजय कुमार पांडेय ने आयोजन में जुड़े सभी लोगों की प्रशंसा करते हुए कहा, यह आयोजन साबित करता है कि सामूहिक प्रयास से हर लक्ष्य संभव है। भविष्य में भी हम ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों में नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक मूल्यों को और मजबूत करेंगे।

### आइडियल पब्लिक स्कूल के 18वें स्थापना दिवस पर बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



**हावड़ा, समाज्ञा :** उलुबेड़िया के कुलगछिया स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल का 18वां स्थापना दिवस शुक्रवार को स्कूल परिसर में उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि काउंसिल के कोऑर्डिनेटिंग कन्वेनर राजेश पांडे, कुलगछिया आइडियल पब्लिक सोसाइटी के अध्यक्ष जे.पी. सिंह, स्कूल के रेक्टर सारनाथ सिंह, समाजसेवी विजय कुमार सिंह और वाइस प्रिंसिपल अदिति गांगुली सहित अन्य उपस्थित थे। इस समारोह में विद्यालय के करीब 750 विद्यार्थियों ने भाग लिया और नृत्य, संगीत, कविता पाठ, योगा और जिम्नास्टिक जैसी विभिन्न प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेक्टर सारनाथ सिंह ने कहा कि यह दिन स्कूल के लिए विशेष है, क्योंकि इसी दिन इसकी नींव रखी गई थी। उन्होंने बताया कि संस्थान की शुरुआत कुछ छात्रों के साथ हुई थी, जबकि आज यह संख्या बढ़कर 3000 से अधिक पहुंच गई है। मुख्य अतिथि राजेश पांडे ने बच्चों को उनके प्रयासों और प्रतिभा के लिए बधाई दी और उन्हें राज्य एवं देश का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। समाजसेवी विजय कुमार सिंह ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रतिभा वास्तव में प्रेरणादायक है।

## कोलकाता मेट्रो ने डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने के लिए सभी स्टेशनों पर लगाए स्पेशल कैंप

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो ने यात्रियों को डिजिटल भुगतान सुविधाओं से परिचित कराने और टिकटिंग सिस्टम में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन, पर्पल लाइन और येलो लाइन के सभी स्टेशनों पर विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए। इन कैंपों का उद्देश्य यात्रियों को स्मार्ट कार्ड ऑनलाइन रिचार्ज, मोबाइल-आधारित क्यूआर टिकट और यूपीआई भुगतान प्रणाली का आसानी से उपयोग करना सिखाना था। इस दौरान यात्रियों को उन्नत 'आमार कोलकाता मेट्रो' ऐप के बारे में जानकारी दी गई। मेट्रो कर्मचारियों ने ऐप को गूगल प्ले स्टोर और ऐपल ऐप स्टोर से डाउनलोड करने की प्रक्रिया तथा इसे टिकट बुकिंग और रिचार्ज के लिए



इस्तेमाल करने के चरण प्रदर्शित किए। शिविरों में यात्रियों को एएस-सीआरएम मशीनों पर यूपीआई के माध्यम से टोकन खरीदने और स्मार्ट कार्ड रिचार्ज करने में भी मार्गदर्शन किया गया। यात्रियों ने इस डिजिटल सुविधा में विशेष रुचि दिखाई और बताया कि यह व्यवस्था उनके समय की बचत करेगी क्योंकि अब उन्हें टिकट या रिचार्ज के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। मेट्रो अधिकारियों का कहना है कि इस पहल से यात्रा अनुभव और अधिक स्मार्ट, तेज और सुगम बनेगा।

## बस से टकराई अभिनेता अनिर्बान चक्रवर्ती की कार, बाल-बाल बचे

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में लोकप्रिय बांग्ला अभिनेता अनिर्बान चक्रवर्ती की कार एक बस से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना दक्षिण कोलकाता के चारु मार्केट के पास उस समय हुई, जब अनिर्बान चक्रवर्ती की कार उनका चालक चला रहा था। अभिनेता ने बताया कि वह और उनका वाहन चालक दोनों सुरक्षित हैं लेकिन कार को काफी नुकसान हुआ है। दक्षिण-उत्तर मार्ग पर चल रही बस में यात्री सवार थे। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, एक दोपहिया वाहन अचानक कार के सामने आ गया, जिससे बचने के प्रयास में कार सामने से आ रही




बस से टकरा गई। कोलकाता पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है।

## आईटीसी संगीत सम्मेलन 2025 का भव्य शुभारंभ, प्रसिद्ध हस्ती परवीन सुल्ताना को मिला आईटीसी संगीत सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईटीसी संगीत रिसर्च एकेडमी द्वारा आयोजित 54वें आईटीसी संगीत सम्मेलन 2025 का शुभारंभ शानदार प्रस्तुतियों के साथ हुआ। यह तीन दिवसीय सम्मेलन 5 से 7 दिसंबर तक आयोजित हो रहा है, जिसमें देशभर से आए संगीत प्रेमियों, वरिष्ठ कलाकारों और कला जगत की हस्तियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह एकेडमी परिसर में आयोजित हुआ, जहां भारतीय शास्त्रीय संगीत की परंपरा और उसकी समृद्ध विरासत की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वह क्षण रहा, जब दिग्गज शास्त्रीय गायिका उस्ताद परवीन सुल्ताना को उनके अद्वितीय योगदान के लिए आईटीसी संगीत सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।




सम्मेलन के दौरान परवीन सुल्ताना, अजॉय चक्रवर्ती, रंजनी-गायत्री और नयन घोष सहित कई प्रसिद्ध कलाकार विभिन्न प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर आईटीसी एसआरए के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं ट्रस्टी सरदिंदु दत्ता ने कहा, कि यह सम्मेलन भारतीय शास्त्रीय संगीत की परंपरा और उत्कृष्टता का उत्सव है। 1977 में स्थापित यह संस्था गुरुकुल मॉडल के माध्यम से नई पीढ़ी के कलाकारों को प्रशिक्षित कर रही है और 2027 में 50 वर्ष पूरा करने की तैयारी में है।

### गंगा सागर मेले की तैयारी तेज, मुड़ीगंगा में ड्रेजिंग से बाधित नाव सेवा

# मेले से पहले पूरा होगा काम : जल संसाधन मंत्री

**कोलकाता :** गंगासागर मेला 2026 को लेकर प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है। मकर संक्रांति पर होने वाले विश्व प्रसिद्ध इस मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसी क्रम में मूड़ीगंगा नदी में नेविगेशन चैनल को गहरा करने के लिए बड़े पैमाने पर ड्रेजिंग का काम दिन-रात चल रहा है। ड्रेजिंग कार्य के कारण रोज़ाना लगभग चार से पाँच घंटे तक स्थानीय वेसल सेवा बंद रह रही है। इस वजह से रोज़ यात्रा करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में कई यात्रियों को छोटी नावों से नदी पार करनी पड़ रही है,



जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। यात्रियों का आरोप है कि नाव वाले मनमाना किराया वसूल रहे हैं। लगभग एक महीने से ड्रेजिंग चल रही है, फिर भी वेसल सेवा रोजाना कई घंटे ठप रहने से लोगों में नाराजगी है।

बता दें कि फिलहाल प्रशासन की ओर से तीन मिट्टी काटने वाले ड्रेजर लगातार काम कर रहे हैं। अधिकारियों का दावा है कि मेला शुरू होने से पहले ड्रेजिंग कार्य पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन अभी भी हर दिन 4 से 5 घंटे मूड़ीगंगा नदी में वेसल सेवा पूरी तरह बंद रहती है।

इसी बीच शनिवार को राज्य के सिंचाई मंत्री मानस भुइयां गंगासागर पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ सुंदरबन विकास मंत्री बंकिम चंद्र हाजरा, जीबीडीए चेयरमैन सीमांत कुमार माली सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री ने सबसे पहले काकद्वीप के लॉट नंबर-8 जेटी पहुंचकर मूड़ीगंगा नदी में चल रहे ड्रेजिंग कार्य का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेले से पहले ड्रेजिंग कार्य पूरा कर पाना प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती है, लेकिन तेज़ी से काम जारी है। उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि काम समय सीमा के भीतर किसी भी हालत में पूरा होना चाहिए।

# जिला पर्यवेक्षक ने लिया विकास कार्यों की प्रगति का जायजा

**हुगली, समाज्ञा :** राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु जिला पर्यवेक्षक ओंकार सिंह मीणा ने शनिवार को हुगली का दौरा किया। चुंचुड़ा सर्किट हाउस में हुई बैठक में उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की और संबंधित विभागीय अधिकारियों, एसडीओ तथा बीडीओ के साथ अहम बैठक कीं। इस प्रशासनिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी खुर्शीद क़ादरी ने की। समीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक ने पथश्री, रास्ताश्री, आमादेर पाड़ा आमादेर समाधान, बंग्लार बाड़ी स्कीम, बंग्लार सहायता केंद्र सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति पर विस्तार



से जानकारी ली।

बैठक में एडीएम (डेवलपमेंट) अमितेन्दु पाल, एडीएम (जनरल) तरुण भट्टाचार्य, एडीएम (लैंड रिफॉर्म) तमिल ओवीया, एडीएम (जिला परिषद) अनुज प्रताप सिंह, जिला परिषद के सचिव मृणालकांति गुईन, श्रीरामपुर के एसडीओ शम्भूद्वीप सरकार, चुंचुड़ा के एसडीओ अयन नाथ, सिंगुर के बीडीओ शौभिक घोषाल सहित सभी बीडीओ उपस्थित रहे।

बैठक के बाद जिलाधिकारी और पर्यवेक्षक ने पत्रकारों को बताया कि समीक्षा का मुख्य उद्देश्य योजनाओं को तेज गति से लागू करना, कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाना तथा लाभ सीधे जनता तक पहुंचाना है।

### निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से चार साल के बच्चे की मौत

**बांकुड़ा :** जिले के जयपुर थाना क्षेत्र के गड़ गांव में हुए हादसे में चार वर्ष के एक बच्चे की मृत्यु हो गई। मृत बच्चे का नाम रोहन लोहार बताया गया है। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घर के आंगन में ईंट की एक पुरानी दीवार पर बच्चे की मां ने धूप में सुखाई जा रही कथरी टांगी हुई थी। शनिवार की दोपहर मां ने जैसे ही कथरी खींची, दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी। उसी समय पास में मौजूद रोहन दीवार के नीचे दब गया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे मलबे से बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्राथमिक अनुमान है कि दीवार अत्यधिक कमजोर हो चुकी थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

## लॉरी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत





**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के फोरशोर रोड पर शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। मृत युवक की पहचान 20 वर्षीय अभिषेक के रूप में हुई है, जो मल्लिक फाटक इलाके का निवासी था। जानकारी के अनुसार, अभिषेक रात में अपने बाइक से घर लौट रहा था, तभी एक लॉरी ने उसे ओवरटेक करने की कोशिश के दौरान जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद युवक घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने लॉरी चालक को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर शिवपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लॉरी को जब्त कर लिया। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुट गई है और मामले की जांच जारी है। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## आरजी कर आंदोलन के दौरान काम में बाधा देने के मामले में पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट

### चार्जशीट में चिकित्सकों के एक समूह का नाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कालेज व अस्पताल में एक जूनियर महिला चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या की घटना के विरोध में हुए आंदोलन में शामिल जूनियर व सीनियर चिकित्सकों के एक समूह के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। आरोपित 11 चिकित्सक बैंकशाल कोर्ट में पेश हुए और जमानत प्राप्त कर ली। आरजी कर आंदोलन के समय सहकर्मी के लिए न्याय की मांग और राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की चाह में बड़ी संख्या में डाक्टर सडक़ पर उतरे थे। धरना और अनशन भी हुआ था। इसी दौरान पुलिस कार्य में बाधा डालने के आरोप लगे थे।




इसी मामले में पुलिस ने कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए चार्जशीट दाखिल की है। जिनके नाम शामिल किए गए हैं, उनमें आंदोलन के प्रमुख चेहरे देवाशीष हालदार, किंजल नंद, अनुष्टुप मुखोपाध्याय, सुवर्ण गोस्वामी समेत कई चिकित्सक हैं। गुरुवार को 11 चिकित्सक अदालत पहुंचे और जमानत की अर्जी दी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। चिकित्सकों के पक्ष में अधिवक्ता यासीन रहमान ने अदालत में कहा कि मामले को कानूनी रूप से लड़ कर जीतना चाहते हैं। वहीं, चिकित्सक सुवर्ण गोस्वामी ने अदालत परिसर से सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर कोलकाता पुलिस ने चिकित्सक के खिलाफ बदले की भावना से कदम उठाया है। हम जो न्याय की मांग में सडक़ पर उतरे, रैलियां निकालीं, उन्हीं पर तरह-तरह के आरोप लगा दिए गए। हम रोज सरकारी रजिस्टर पर हस्ताक्षर करते हैं। वेतन लेते हैं। फिर भी पुलिस ने हमें भगोड़ा दिखाया है।

## हावड़ा में राजनीतिक हिंसा, पंचायत प्रधान पर हमले के आरोप में दो बीजेपी कार्यकर्ता गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** उदयनारायणपुर थाना क्षेत्र के मानीकुरा इलाके में शुक्रवार शाम राजनीतिक तनाव हिंसा में बदल गया। पुलिस ने इस मामले में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े दो कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है और आवश्यकतानुसार पुलिस रिमांड के लिए अदालत में आ-वेदन किया जाएगा। घटना के दौरान हुई मारपीट में तृणमूल कांग्रेस के पंचायत उपप्रधान सुशोभन सेठ गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कोलकाता के एक निजी अस्प-ताल में भर्ती किया गया है। उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, शाम को भाजपा की एक सभा प्रस्तावित थी, जिसकी तैयारियां पहले से चल रही थीं। हालांकि, अंतिम क्षणों में पुलिस द्वारा अनुमति न मिलने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसी बीच आरोप है कि सभा स्थल के पास से गुजर रहे उपप्रधान और उनके समर्थकों पर हमला किया गया। हंगामे के दौरान इलाके में सात से आठ मोटरसाइकिलों में आग लगा दी गई, जिससे वातावरण और अधिक अशांत हो गया।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर हालात नियंत्रित किए और स्थिति सामान्य करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है।

### शाओमी इंडिया ने रेडमी 15सी 5जी लॉन्च किया




**कोलकाता, समाज्ञा :** शाओमी इंडिया ने शनिवार को रेडमी 15सी 5जी लॉन्च किया। यह स्लीक डिज़ाईन का विशाल स्मार्टफोन है, जिसमें 17.53 सेमी का आकर्षक डिस्प्ले दिया गया है। यह उन लोगों को पूरे दिन भरोसेमंद परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए बनाया गया है, जो काम के बीच-बीच में मनोरंजन करना पसंद करते हैं। रेडमी मार्केटिंग के एसोसिएट डायरेक्टर, रितिज खुराना ने कहा कि रेडमी 15सी के साथ, हम कटिंग-एज टेक्नोलॉजी को सभी के लिए आसान बनाने के अपने कमिटमेंट को जारी रखते हैं। यह लॉन्च पा-वरफुल परफॉर्मेंस, मॉडर्न डिज़ाइन और काम के फीचर्स देने की दिशा में एक और कदम है, जो सच में रोज़ाना के स्मार्टफोन एक्सपीरियंस को बेहतर बनाते हैं। हम एक ऐसा डिवाइस पेश करने के लिए उत्साहित हैं जो हमारे कंज्यूमर्स की बदलती ज़रूरतों को दिखाता है और साथ ही रेडमी के वैल्यू के साथ इनोवेशन के वादे पर भी खरा उतरता है।

### बारासात में रेल पटरी के किनारे पड़े मिले दर्जनों को आधार और वोटर कार्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। इसी बीच, शुक्रवार की शाम को बारासात में रेल पटरी के किनारे से बड़ी संख्या में वोटर और आधार कार्ड बरामद हुए हैं। कुछ राशन और पैन कार्ड भी मिले हैं। ये पहचान पत्र कहां से आए, यह अभी स्पष्ट नहीं है। दस्तावेजों के असली या नकली होने की जांच की जा रही है। एसआइआर के माहौल में इन दस्तावेजों को फेंकने का कारण क्या है यह फिलहाल रहस्य है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आधार और वोटर कार्ड के अलावा राशन कार्ड भी पड़े थे। ऐसा माना जा रहा है कि सभी पहचान पत्र नकली हैं। यदि वे असली होते, तो कोई उन्हें इस तरह से रेल पटरी के पास नाली और कचरे के ढेर में नहीं फेंक देता। शायद एसआइआर के डर से किसी ने इन्हें फेंक दिया है। इस घटना को लेकर तृणमूल और भाजपा के बीच राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई है।

### एसआईआर : बंगाल में 7.62 करोड़ नामांकन प्रपत्र डिजिटाइज्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया शुरू होने के बाद से अब तक लगभग 7.62 करोड़ नामांकन प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार की दोपहर तक कुल वितरित प्रपत्रों में से 99.43 प्रतिशत का डिजिटाइजेशन पूरा हो गया। अधिकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल इस काम में 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में आठवें स्थान पर है। लक्षद्वीप, राजस्थान, गोवा, अंडमान निकोबार, छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश और पुदुचेरी इससे आगे हैं। अधिकारी ने बताया कि 4 नवम्बर से 6 दिसम्बर के बीच कुल 7 करोड़ 66 लाख 16 हजार 840 नामांकन प्रपत्र वितरित किए गए, और इनका डिजिटाइजेशन तेजी से पूरा किया जा रहा है।

### मालदह में वैवाहिक कलह से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**मालदह :** जिले के हरीशचंद्रपुर थाना क्षेत्र के कालितला मुबारकपुर में एक दिल दहलाने वाली घटना शनिवार को सामने आई है। दुर्लभ साहा नामक एक युवक ने वैवाहिक तनाव से परेशान होकर सोशल मीडिया पर लाइव करते हुए फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। वह एक शोरूम में काम करता था। सूत्रों के अनुसार, कुछ साल पहले दुर्लभ की शादी मौसमी साहा से हुई थी और उनकी दो बेटियां भी है। शादी के बाद से ही दोनों के बीच लगातार कलह चल रहा था। इसी बीच, मौसमी ने पति और सस-ुराल वालों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाया। इसके बाद, वह चांचल में अलग रहने लगी। इसके बावजूद, दोनों के बीच झगड़ा कम नहीं हुआ। इसी तनाव और नाराजगी में दुर्लभ ने कथित तौर पर पत्नी को दिखाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर लाइव किया और फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सुनसान इलाके में बम मिलने से फैली सनसनी



**हावड़ा, समाज्ञा :** डोमजूर थाना क्षेत्र के बांकड़ा इलाके में एक सुनसान स्थान से संदिग्ध बम मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने पहले बम को देखा और तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डोमजूर थाने की पुलिस के साथ खुफिया विभाग और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। टीम ने सुरक्षा के बीच बम को निष्क्रिय कर मौके को पूरी तरह सुरक्षित किया। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बम वहां कैसे आया और किसने उसे रखा। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

## वार्ड 63 में जलापूर्ति योजना का शिलान्यास




**कोलकाता :** महानगर में वार्ड नंबर 63 के निवासियों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाया जायेगा। बोरो नंबर सात की चेयरपर्सन व स्थानीय पार्षद सुष्मिता भट्टाचार्य ने पाइपलाइन बिछाने की योजना का शिलान्यास किया। इस मौके पर सुष्मिता भट्टाचार्य ने कहा कि वार्ड 63 के कुछ हिस्सों में कम और साफ पानी की सप्लाई की शिकायतें आ रही थीं। उन्होंने इस समस्या को हल करने के लिए निगम जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया और यहां नया पाइपलाइन बिछाने की योजना को मंजूरी दिलायी। उन्होंने कहा कि इससे रिपन स्ट्रीट से रोडसाइड स्ट्रीट और फ्री स्कूल स्ट्रीट में रहने वाले मकान मालिकों और निवासियों को फायदा होगा। इस मौके पर तृणमूल के पूर्व युवा अध्यक्ष शेख अली जान और निगम के जलापूर्ति विभाग के अधिकारी और अन्य स्थानीय निवासी मौजूद थे।

# हुमायूं कबीर ने बेलडांगा में रखीं बाबरी मस्जिद की नींव, बहरमपुर में भाजपा नेता ने की राम मंदिर की शिला पूजा

### विधायक ने कहा... 'मस्जिद बनने से कोई ताकत रोक नहीं सकती, ममता को सत्ता से बाहर करूंगा'



**मुर्शिदाबाद :** राज्य में 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में 'बाबरी मस्जिद' के नाम से मस्जिद निर्माण का शिलान्यास कर माहौल गरमा दिया। भरतपुर के विधायक हुमायूं ने शिलान्यास के तुरंत बाद ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोलते हुए घोषणा कर दी कि वे राज्य की 90 मुस्लिम-बहुल सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे और ममता को सत्ता से बाहर कर देंगे। उन्होंने कहा कि 2011 में हम सबने ममता बनर्जी पर भरोसा किया था। अल्पसंख्यकों के वोट पर ही वे मुख्यमंत्री बनीं। लेकिन आज ममता जो करें वही सही, बाकी सब गलत- यही उनका रवैया बन गया है। इतना अहंकार! अब इसे मैं चूर कर दूंगा। उन्हें मैं पूर्व मुख्यमंत्री बनाकर ही छोड़ूंगा। इस दौरान, भारी मात्रा में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया था। शिलान्यास कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी, जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-12 (पहले एनएच-34) पर घंटों तक यातायात बाधित रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समर्थकों के सामने कबीर ने कहा कि वे संविधानिक अधिकार के तहत मस्जिद बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर, चर्च बन सकता है तो मस्जिद क्यों नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मस्जिद गिराई गई थी। संविधान कहता है कि कोई भी नागरिक मस्जिद बना सकता है। कबीर ने चेतावनी देते हुए कहा कि बंगाल में 37 प्रतिशत मुसलमान हैं। इस मस्जिद की एक भी ईंट कोई नहीं हटा सकेगा। अल्लाह मेरे साथ है। उन्होंने दावा किया कि मस्जिद सहित अस्पताल, गेस्ट हाउस और मीटिंग हॉल के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट तैयार किया गया है। कबीर ने कहा कि वे जल्द ही अपना संगठन खड़ा करेंगे और 90 मुस्लिम-बहुल सीटों सहित 135 सीटों पर उम्मीदवार उतारेंगे। उन्होंने कहा, विधानसभा में जाकर इंच-इंच जमीन पर मुसलमानों का हक दिलाऊंगा। जरूरत पड़ी तो विपक्ष में बैठकर लड़ूंगा।

उधर, मुर्शिदाबाद के बहरमपुर में भाजपा नेता द्वारा राम मंदिर निर्माण के लिए शिला पूजा शनिवार को आयोजित की गई। बहरमपुर के मनींद्र नगर क्षेत्र में पूर्वाशा क्लब के मैदान में भाजपा नेता शाखारभ सरकार ने शिला पूजा का आयोजन किया। भाजपा नेता शाखारभ सरकार ने कहा कि यहां राम मंदिर के साथ अस्पताल व स्कूल भी बनेगा।

### बाबरी मस्जिद शिलान्यास कार्यक्रम से राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा जाम



**मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में प्रस्तावित बाबरी मस्जिद का शिलान्यास शनिवार की दोपहर हुमायूं कबीर ने पूर्वघोषित कार्यक्रम के तहत किया। हालांकि, इस आयोजन की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 12 (पूर्व का 34) पर भारी अवरोध पैदा हो गया। सुबह लगभग 11 बजे से बड़ुआ मोड़ से रेजिनगर तक सड़क पर गाड़ियों की गति लगभग ठहर गई। दोपहर तक कोलकाता जाने वाली सड़क पर गाड़ियों की लम्बी कतार लग गईं। वहीं, सिलिगुडी को जाने वाली लेन में जाम अपेक्षाकृत कम था, फिर भी वाहन बहुत धीरे आगे बढ़ रहे थे। इससे यात्रियो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ा। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने पहले ही पलाशी से कई गाड़ियों को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया था, लेकिन इसके बावजूद जाम को पूरी तरह नियंत्रित करना मुश्किल रहा। यह प्रारंभिक खबर है, विस्तृत खबर का इंतजार है।**

# चुनाव सुधारों की जरूरत और चुनाव आयोग की चुनौती

### स्वपन दासगुप्ता के विचारों पर आधारित विश्लेषण

**कोलकाता :** भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान उसकी मजबूत चुनावी प्रणाली है। लगभग पाँच दशक पहले एक प्रख्यात ब्रिटिश विद्वान ने कहा था कि चुनाव उन चीज़ों में से एक हैं जिन्हें भारतीय बहुत अच्छी तरह से करते हैं। यह टिप्पणी उस समय की आशंकाओं की पृष्ठभूमि में आई थी, जब भारतीय लोकतंत्र के स्थगित हो जाने या 'निर्देशित' होने की संभावना व्यक्त की जाती थी। 1977 के चुनावों ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया, जब आप-ातकाल जैसी परिस्थिति के बावजूद, मतदाताओं ने वोट की ताकत से एक अधिनायकवादी सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया।

स्वतंत्रता के बाद पिछले सात दशकों में चुनाव आयोग (ईसीआई) ने चुनावों की निष्पक्षता बनाए रखने की अपनी क्षमता को बार-बार साबित किया है। कुछ उदाहरण-जैसे 1972 का पश्चिम बंगाल चुनाव और 1987 का जम्मू-कश्मीर चुनाव-भले ही विवादों से घिरे रहे हों, लेकिन संपूर्ण रूप से भारत की चुनावी प्रक्रिया ने राजनीतिक प्रणाली की विश्वसनीयता को मजबूती दी है।

हाल के वर्षों में निर्वाचन प्रणाली को लेकर संदेह और आरोपों में वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष विपक्ष द्वारा मतदाता सूचियों की सत्यता पर सवाल उठाना इसका उदाहरण है। आरोप लगाए गए कि विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया का उपयोग कर अल्पसंख्यक मतदात-ाओं को सूची से हटाया जा रहा है। यह विवाद पश्चिम बंगाल से उठकर असम और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों तक फैल गया।

चुनाव आयोग ने चुनावों को निष्पक्ष बनाने के लिए कई नवाचार अपनाए हैं-आदर्श आचार संहिता, ईवीएम, मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बल, और अब सीसीटीवी कैमरों का बढ़ता उपयोग। निश्चित रूप से ये उपाय महत्वपूर्ण हैं, पर पूरी तरह दोषरहित नहीं। कई क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर बाहुबल और प्रशासनिक हेरफेर के उदाहरण सामने आते रहे हैं। आने वाले




शीतकालीन सत्र में संसद में चुनाव सुधारों पर चर्चा इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगी।

मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की रीढ़ है। वंचित समुदायों को यदि मतदान से वंचित किया जाता है तो इसका विरोध आवश्यक है, परंतु यह भी उतना ही गंभीर मुद्दा है कि बड़ी संख्या में पात्र मतदाता सूची से गायब रहते हैं या फर्जी और दोहरी प्रविष्टियाँ चुनाव परिणामों को प्रभावित करती हैं। मृत या स्थानांतरित लोगों के नाम पर मतदान तथा अयोग्य व्यक्तियों का सूची में शामिल होना पूर्वी भारत में विशेष समस्या बन चुका है।

वर्तमान में जारी विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि चुनावी प्रणाली मतदाताओं की वास्तविक इच्छा को प्रतिबिंबित करे। उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारत की चुनावी प्रक्रिया पर वैश्विक भरोसा और मजबूत होगा और कहीं भी यह कहने की नौबत नहीं आएगी कि चुनाव प्रबंधित होते हैं-बल्कि यह कि भारत अब भी दुनिया के सबसे प्रभावी लोकतंत्रों में से एक है।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कमान अस्पताल, अलीपुर में संकुल स्तरीय निपुण सांस्कृतिक प्रतियोगिता सम्पन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, कमान अस्पताल, अलीपुर में शनिवार को संकुल स्तरीय निपुण सांस्कृतिक प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जोका संकुल के सात विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम का उद्घाटन कोलकाता के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं अदुकिया इंडस्ट्रीज के निदेशक विवेक अदुकिया द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल और डॉ. ए पी राय संयोजक भारत विकास परिषद उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एल. बी. महतो ने पुष्पगुच्छ देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में गीत, नृत्य, लघु नाटिका मंचन, कहानी वाचन, कविता पाठ तथा स्वदेशी खिलौना निर्माण जैसी आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। वरिष्ठ शिक्षिका जून लश्कर ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जबकि वरिष्ठ शिक्षक विनोदानंद कुमार ने समारोह का कुशल संचालन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा शिक्षिका सोनाली दे के नेतृत्व में तैयार की गई।

### काम के दबाव में फिर एक बीए-लओ बीमार, अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता :** एक बार फिर एक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है। बीमार हुईं बीएलओ का नाम तनुश्री सिंह है। वह पेशे से शिक्षिका हैं और हावड़ा जिले के जगतबल्लभपुर विधानसभा क्षेत्र के पार्ट नंबर 243 की बीएलओ के रूप में तैनात हैं। उनका कार्यस्थल डोमजुड़ स्थित ब बागपाड़ा प्राथमिक विद्यालय बताया गया है। शनिवार को अचानक चक्कर आने और अस्वस्थ महसूस होने के बाद तनुश्री को तुरंत डोमजुड़ ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के ब्लॉक मेडिकल हेल्थ ऑफिसर डॉ. ऋद्धि चक्रवर्ती ने बताया कि मरीज को फिलहाल निगरानी में रखा गया है और कई आवश्यक जांचें की गई हैं। डॉक्टर के अनुसार, तनुश्री की हालत अब स्थिर है। इस घटना की जानकारी मिलने पर जगतबल्लभपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष सुबीर चटर्जी अस्पताल पहुंचकर तनुश्री की स्थिति की जानकारी ली।

# ओम्कारेश्वर मंदिर उखीमठ, उत्तराखंड

## हमारी अनजानी धरोहर 84



डॉ। एस। के। सैनी

सर्दियों में दिवाली के पश्चात केदारनाथ मंदिर के पट बंद हो जाते हैं तो बहुत कम लोगों को पता होता है कि वहां के प्रतीक देवता को कहां पर स्थानांतरित किया जाता है ताकि उनकी विधिवत पूजा अर्चना सर्दियों के मौसम में लगातार होती रहे तो यह स्थान है उत्तराखंड के ऊखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर।

पौराणिक कथाओं और पंच केदार की कथाओं से जुड़ा हुआ यह मंदिर और स्थल पौराणिक कथा आख्यान की महिमा का वर्णन करता है जब राजा मांधाता ने यहां पर कठोर तपस्या की थी शिव भगवान की और शिव यहां पर ओंकार की ध्वनि के रूप में प्रकट हुए थे इसी वजह से इस मंदिर का नाम और इस स्थल का नाम ओंकारेश्वर कहलाता है।

यही वह स्थल है जहां पर राजा अनिरुद्ध और उषा का विवाह हुआ था। यही वह स्थल है जहां पर अधिकतर जानकार लोग अपनी पुत्र पुत्री का विवाह इस मंदिर के प्रांगण में संपन्न करवाते हैं ताकि उषा और अनिरुद्ध के विवाह की जो लंबी अवधि रही है इस तरह से उनकी संतानों की भी शादी की लंबी अवधि लगातार चलती रहे। उनका सुहाग अमर रहे।

जहां पर ही जगतगुरु शंकराचार्य ने तपस्या की थी और इस वर्तमान मठ की स्थापना की थी जो ओंकारेश्वर मंदिर और ओंकारेश्वर स्थान के नाम से प्रसिद्ध हुआ। मंदिर जो ओंकारेश्वर मंदिर और ओंकारेश्वर स्थान के नाम से प्रसिद्ध हुआ मंदिर अत्यंत प्राचीन है।



उत्तराखंड के हिमालय पर्वत के शिवालिक पर्वत की पहाड़ियों में स्थिति यह रमणीक मंदिर शीतकालीन अवधि में शिव की आराधना के मंत्र से गुंजायमान रहता है। जो भी यहां पर आता है कठिन यात्रा के पश्चात एक ऐसी दिव्य अनुभूति महसूस करता है कि यही आंखें शिव की आराधना में लीन हो जाता है।

केदारनाथ की महिमा अपरंपार है किंतु जब संपूर्ण केदारनाथ मंदिर परिसर बर्फ से आच्छादित हो जाता है तो वहां ना पुजारी पहुंच पाते ना सामान्य जन पहुंच पाते हैं ऐसी स्थितियों में पूजा आराधना के लिए यह वैकल्पिक स्थल अति प्राचीन काल से चला रहा है किंतु हमारी यह धरोहर अभी भी बहुत कम लोगों को पता है

# कैसें करें सर्दियों में सौंदर्य की रक्षा

राजेन्द्र चतुर्वेदी

सौंदर्य और नारी एक दूसरे के पर्याय माने जाते हैं। सौंदर्य की प्रतिमूर्ति नारी, सौंदर्य की पूरक इसलिए हो गई है क्योंकि वह हमेशा अपने सौंदर्य के प्रति सजग रहती है। आज के युग में तो सजगता और भी आवश्यक है अन्यथा छोटी सी घटना या जरा सी लापरवाही भी उसे बदसूरत बना सकती है।

सुंदरता की पहली पहचान कांतिमय सद्य स्नात त्वचा एवं चेहरे के द्वारा होती है। चेहरा आपके व्यक्तित्व का दर्पण इसलिए माना जाता है क्योंकि वह ही आपसे मिलने वाले व्यक्ति के समक्ष आपके संपूर्ण व्यक्तित्व की झलक उपस्थित कर देने का माध्यम होता है।

सर्दी के मौसम में सौंदर्य का रख रखाव बहुत बड़ी समस्या है। विशेषकर, चेहरे का सौंदर्य बनाए रखना तो एक चुनौती से कम इसलिए नहीं है क्योंकि शरीर के और सभी हिस्से तो ढके रहते हैं या ढक कर रखे जा सकते हैं लेकिन चेहरे को धूल-मिट्टी व सर्द हवाओं के आक्रमण का सीधा सामना करना पड़ता है।

इस मौसम का कुप्रभाव त्वचा पर भी महसूस किया जा सकता है। इसमें त्वचा खुश्क व खुरदरी हो जाती है व उचित देखभाल के अभाव में फट जाती है तथा कभी-कभी तो चेहरे पर झुर्रियां भी पड़ जाती हैं। यह सब इसलिए होता है क्योंकि अधिक ठंड के कारण त्वचा की निचली सतह पर पाई जाने वाली तैलीय ग्रंथियां अपना काम करना बंद कर देती हैं।

अपनी त्वचा को साफ सुथरा कोमल व चिकना बनाए रखना कोई बहुत कठिन काम नहीं है। बस आवश्यकता थोड़ी सी नित्य देखभाल करते रहने की है।

चेहरे की नियमित सफाई से वह तरोताजा तो रहती ही है, उसकी स्वाभाविक कांति भी बनी रहती है। इसके विपरीत यदि चेहरे की सफाई का ध्यान न रखा जाये तो धूल-मिट्टी व मेकअप की बासी परतों के कारण चेहरा कांतिहीन तो हो ही जायेगा बल्कि रोम छिद्रों के बंद हो जाने के कारण संभावना कील मुंहासों के हो जाने की भी होगी।

चेहरे की सफाई के लिए डिटरजेंट की अधिक मात्रा वाले साबुनों का प्रयोग कतई नहीं करना चाहिए। हां, तेलयुक्त साबुनों का प्रयोग किया जा सकता है। वैसे इस काम के लिए



साबुनों की अपेक्षा कुछ घरेलू खाद्य पदार्थों का उपयोग अति उत्तम रहता है। उदाहरण के लिए एक चम्मच बेसन को आधा कप पानी में घोलकर पेस्ट बना लें तथा उसे चेहरे पर लगाकर पांच मिनट तक लगा रहने दें। फिर रगड़कर उतार लें। यदि त्वचा ज्यादा खुश्क है तो बेसन के पेस्ट में मलाई या फिर कच्चा दूध मिलाकर प्रयोग करना अति लाभदायक सिद्ध होता है।

ठीक इसी तरह पांच मिनट तक दही का लेप किये रहने से न केवल चेहरे की सफाई होती है बल्कि उस पर चमक भी आती है। दो चम्मच दूध में आधा चम्मच जौ का आटा व नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लेप करना भी चेहरे की सुंदरता को बरकरार रखने का बहुत अच्छा उपाय है। हां, उक्त लेपों के करने के पांच-दस मिनट बाद चेहरा गुनगुने पानी से ही धोया जाये।

इसके अलावा, क्लींजिंग मिल्क चेहरे पर लगाकर गीली रूई से साफ करने से रोम छिद्रों में छिपा हुआ वह मैल भी पूर्णतः साफ हो जाता है जो साबुन या अन्य पदार्थ के लगाने से नहीं हो पाता। यह प्रयोग रात को सोने से पहले ही किया जाए तो लाभप्रद होता है।

त्वचा में प्राकृतिक नमी बनाये रखने के लिए व उसमें तेल की कमी की पूर्ति के लिए, रात में शयन से पूर्व व प्रातः मेकअप से पूर्व माश्चराइजर का प्रयोग भी करना चाहिए। इससे चेहरा चिकना बनता है और निखरता भी है। इसके अलावा चेहरे पर सप्ताह में एक बार भाप लेने से भी रोम छिद्रों में छिपा हुआ मैल साफ हो जाता है। यदि त्वचा का कोई स्थान खारिश से प्रभावित हो तो उस पर तुलसी के पत्तों का रस लगाना लाभदायक होता है।

त्वचा की सुरक्षा का एक सरल उपाय यह भी है कि रात में सोने से पहले आठ-नौ बूंद जैतून का तेल, चार-पांच बूंद गुलाब जल, छः सात बूंद ग्लिसरीन, एक चम्मच मलाई में मिलाकर सोते समय मालिश करें। सुबह उठकर पहले गर्म पानी से और फिर पन्द्रह बीस मिनट के बाद ठंडे पानी से हाथ पैर तथा मुंह साफ करें। सूखे तौलिए से पोंछें। इसके बाद उन पर हल्के गरम सरसों के तेल की मालिश करें ओर फिर आधा घंटे बाद स्नान करें।

ऐसा भी किया जा सकता है कि गुलाब जल, नींबू का रस और ग्लिसरीन समान मात्रा में मिलाकर हवाबंद शीशी में रख लें तथा स्नान के बाद हाथ-पैर व मुंह पर भली प्रकार मालिश करें। गुनगुने जैतून या सरसों की तेल की मालिश शुष्क बालों के लिए भी लाभदायक है किंतु बालों में मालिश सिर धोने के दो घंटे पहले ही की जानी चाहिए।

सर्दियों में होंठ, एड़ियां व पैरों का फटना भी एक समस्या है। फटी हुई एड़ियों तथा पैरों में पिघला हुआ मोम सरसों के तेल में मिलाकर लगाने से लाभ होता है। होंठों को फटने से रोकने के लिए उन पर रात में देशी घी या मलाई का लेप करें तथा नाभि में सरसों का तेल लगाएं।

आकर्षण बनाए रखने में साफ-सुथरी त्वचा में चेहरे के अलावा मेकअप की भी भूमिका अति-महत्त्व-पूर्ण होती है। अतः शीतकाल में मेकअप करते समय निम्न बातों का ध्यान भी रखना चाहिए।

**मेकअप गहरा करें।**

■ लिपस्टिक व आई शैडो का रंग त्वचा के रंग से मेल खाता हुआ हो।

■ फटे हुए होंठों पर चेपस्टिक लगाने के बाद ही लिपस्टिक लगाएं अन्यथा फटे हुए होंठों पर लिपस्टिक बहुत ही भद्दी लगेगी।

■ सर्दियों में पाउडर के स्थान पर फाउंडेशन ही लगाएं क्योंकि इस समय त्वचा रूखी होती है। (उर्वशी)

# आप भी बुन सकती हैं आकर्षक स्वेटर

आरती रानी

सर्दी का मौसम स्वेटर बुनाई का मौसम भी होता है। इस मौसम के आने से पहले ही महिलाएं बुनाई करने में जुट जाती हैं। इस मौसम में रंग-बिरंगे स्वेटरों की बहार आ जाती है। बुनाई भी एक कला है। जितनी बार बुनाई की जाती है, उतनी ही अधिक सुंदरता आती है। अभ्यास द्वारा इसे और अधिक निखारा जा सकता है।

यूं तो बाजार में सुंदर से सुंदर नमूनों वाला स्वेटर मिल जाता है किंतु वे इतने अधिक महंगे होते हैं कि सामान्य व्यक्ति की क्रय शक्ति से बहुत दूर होते हैं। इनके रख-रखाव में भी अनेक मुश्किलें आती हैं किंतु घर में बुने गए स्वेटरों में ये दिक्कतें नहीं आती। घर में बुने गए स्वेटर को फिर से उधेड़कर स्वेटर, टोपी, मोजे आदि भी बनाये जा सकते हैं।

स्वेटर की बुनाई में कुछ सावधानियां बरती जाएं तो ऊनी परिधानों को आकर्षक बनाया जा सकता है। यह शौक मनोरंजन प्रदान करने के साथ ही समय काटने का भी उत्तम साधन है। अच्छे स्वेटरों का निर्माण करके उन्हें बेचा भी जा सकता है। आइये, स्वेटर बुनने से संबंधित कुछ आवश्यक बातों की जानकारियां



हासिल करें-

■ जब भी आप ऊन खरीदें, लेबल देखकर ही खरीदें। ऊन खरीदते समय शेड नम्बर अवश्य देख लें ताकि सारे गोले एक ही शेड नम्बर के हों।

■ अगर आप दो रंगों के स्वेटर बुनना चाहती हैं, तो दोनों ही रंग के ऊन कैशमिलॉन ही खरीदें क्योंकि कैशमिलॉन के ऊन का रंग नहीं निकलता और धोने पर खराब नहीं होता। दो रंगों का चुनाव करते समय सभी रंगों का एक धागा लेकर आपस में बल देकर यह देख लें कि ये रंग आपस में ठीक से मेल खा रहे हैं या नहीं?

■ मोटे ऊन के लिए मोटी सलाई तथा पतले ऊन के लिए पतली सलाई का ही प्रयोग करें। सलाई अच्छी एवं प्रसिद्ध कम्पनी की ही खरीदें क्योंकि इससे अच्छी बुनाई होती है।

■ अगर आपकी समझ में यह नहीं आ रहा कि ऊन कितनी लेनी है तो जिस नाप का स्वेटर बनाना हो, उस नाप के स्वेटर के वजन से सौ ग्राम अधिक ऊन तुलवाकर ले लें।

■ फंदे न तो अधिक कसे डालें और न अधिक ढीले ही। दोहरे फंदे डालने से किनारा अच्छा लगता है। कभी भी गीले हाथ से बुनाई न करें। सलाई कभी भी अधूरी नहीं छोड़नी चाहिए।

■ ऊन का जोड़ सलाई के सिरे पर ही लगायें, क्योंकि सलाई के बीच में गांठ आने से बुनाई में सफाई नहीं आती।

■ बुनाई में सफाई व खूबसूरती झलकाने में हाथों की कारीगरी के साथ-साथ अच्छी गुणवत्ता की व एकदम सीधी व सही नोंक की सलाई का योगदान रहता है, इसलिए सलाइयों को कभी भी जूड़े में फंसा कर न रखें और न ही इससे सिर खुजलायें।

■ डिजाइन का निश्चय पहली सलाई से ही कर लें। एक भी फंदा इधर-उधर होने से स्वेटर की खूबसूरती नष्ट हो जाती है। पहली बुनाई के शुरू में जितने फंदे जैसे डिजाइन के हैं, अथवा सादे हैं, बिलकुल वैसे ही फंदों को अन्त तक डालना चाहिए।

■ बच्चों की त्वचा बेहद नाजुक होती है। उनके लिए सभी सामान स्वेटर, मोजा, टोपी आदि बेबी ऊन से ही बनाना चाहिए। बच्चों के स्वेटर के कंधों पर किसी प्रकार का बटन न लगाकर जापानी रिबन ही बांधें, क्योंकि बटन बच्चों के शरीर में चुभ सकते हैं। बेहतर यही होता है कि पट्टी वाला गला ही बनाया जाए।

■ बच्चों के स्वेटर बोनट या बूटीस में ऊन की डोरी बनाकर नहीं डालना चाहिए और न ही फुंदना लगाना चाहिए क्योंकि बच्चे इसे मुंह में डालकर चूसने लगते हैं जिससे ऊन का रोयां मुंह के अन्दर गले में जाकर फंस सकता है।

■ स्वेटर को हमेशा अच्छे तरल डिटर्जेंट से ही धोना चाहिए। धोने के बाद सीधा न लटकाकर किसी समतल जगह पर कड़ी धूप में ही सुखाएं। स्वेटर को उल्टा करके ही धूप में डालें।


■ अगर स्वेटर का रंग छूटने का संदेह हो तो उसे नमक मिले पानी में कुछ देर डुबोकर रखने के बाद ही धोएं। इससे कम रंग निकलता है। स्वेटर सुखाते समय उस पर हल्का मलमल का कपड़ा डाल दें। इससे धूप के कारण रंग नहीं उड़ता।

■ स्वेटर को प्रेस करते समय कागज या पतला कपड़ा रखकर ही प्रेस करें। इससे स्वेटर जलने का भय नहीं रहता है।

■ बिना धुले स्वेटर को नहीं रखना चाहिए। इसमें कीड़े या सिल्वर फिश कीड़ा बहुत जल्दी लग जाता है। अगर स्वेटर के बीच नैफथेलीन की गोलियां रख दी जाएं तो वे सुरक्षित रहते हैं।

■ नैफथेलीन की गोलियों को किसी कपड़े की पोटली में बांधकर ही स्वेटर के बीच में रखना चाहिए। नैफथेलीन की गोलियां न मिलें तो पोटली में कपूर को भी बांधकर रखा जा सकता है। इस प्रकार स्वेटरों की बुनाई और हिफाजत का ध्यान रखकर इन्हें अनेक वर्षों तक इस्तेमाल लायक बनाया जा सकता है। (उर्वशी)

# कितना उचित है सार्वजनिक चुम्बन



सी एल सांखला

भारतीय संस्कृति में नैतिकतापूर्ण आचरणों का विशेष महत्त्व है हालांकि बदलते सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश में पूर्व तय मानदण्ड भी अवश्य प्रभावित होते हैं।

आज जब ग्लोबलाइजेशन के दौर में सम्पूर्ण विश्व सिमटकर हथेली में आया प्रतीत होने लगा है तो स्वाभाविक है कि विभिन्न देशों के रीति रिवाज भी परस्पर विनिमय होंगे ही। विशेषतः अगड़े और प्रोग्रेसिव देशों के लोकाचार पिछड़े या विकास के स्वप्नजाल में धंसे हुए देशों के लिए अनुकरणीय हो जाते हैं।

'लिपलॉक' यानी चुम्बन भी ऐसा ही एक विवादास्पद लोकाचार है। विकसित पाश्चात्य देशों में तो इसका व्यापक रूप से खुला प्रदर्शन होने से यह कोई हैरत की बात नहीं रह गई है। खुलेआम सार्वजनिक समारोहादि में स्त्री-पुरूष का लिपलॉक भी अत्यन्त सहजता से लिया जाता है परन्तु हमारे यहां की परिस्थितियां अभी भी कुछ अलग प्रकार की हैं। स्त्री -पुरूष के खुलेआम लिपलाक प्रदर्शन की बात तो दूर, यहां पर तो पुरूष-पुरूष और स्त्री से स्त्री तक के लिपलाक को विवादास्पद बना दिया जाता है।

आज जबकि फिल्म, टी.वी, मोबाइल आदि पर फूहड़ अर्द्धनग्न सीन बहुतायात में प्रचलित हैं। फिल्मी कलाकार, गेम्बलर, क्रिकेटर खुलेआम मेल-फीमेल के अंग प्रदर्शन और लिपलॉक कर रहे हैं तो क्योंकर अन्य लोग पाबंद किए जाएं? यद्यिप यह भारतीय नैतिक मानदण्डों के अनुसार पतनशीलता ही कही जायेगी। फिर भी व्यापक रूप से आए लोकरूझान को दरकिनार नहीं किया जा सकता। समसामयिक हालातों को मद्देनजर रखते हुए समाज के मानदण्ड तय किये जाते है। ऐसे में आज भारत जैसे विकासशील देश में 'लिपलॉक' कोई हैरत अंगेज बात नहीं हो सकती........।

हां, भावों में उत्तेजना, अश्लीलता, कामुकता झलकती हो तो ऐसा लिपलॉक सार्वजनिक रूप से प्रदर्शनीय नहीं हो सकता। भावों में सादगी, सहजता, निर्मलता अगर है तो फिर लिपलॉक मेल-फीमेल का ही क्यों न हो, वह अनुचित नहीं कहा जा सकता....। लिपलाक तो यूं भी प्रेम का सम्प्रेषक है अतः प्रेम भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। इसलिए भी चुम्बन को सर्वदा त्याज्य या हेय नहीं माना जा सकता।

वैचारिक दृष्टि से भी परस्पर चुम्बन से प्रेम बढ़ता है। अस्पृश्यता की दुर्भावनाओं से मुक्त होने के लिए भी लिपलाक एक सार्थक पहल करता है। अतः लिपलाक के संबंध में संकुचित भाव उचित नहीं हैं। सहज, सद्भावनापूर्ण लिया गया चुम्बन मनुष्य को जीवन शक्ति देता है। शैशव और बाल्यावस्था में मां और पिता, दादा, दादी तथा भाई-बहनों के चुम्बन ही उत्साह और उल्लास का संचार करते हैं। पति-पत्नी और प्रेमी प्रेमिका के चुम्बन बाद की बात है।

एक परपुरूष द्वारा अन्य स्त्री के चुम्बन को जरूर प्रतिबंधित किया जा सकता है क्योंकि इससे प्रेम के स्थान पर द्वेष, विघटन और अव्यवस्था ही ज्यादा फैलती है जबकि स्त्री द्वारा स्त्री से पुरूष द्वारा पुरूष से अथवा प्रौढ़ स्त्री पुरूषों द्वारा बालक-बालिकाओं से लिये गए चुंबन में किसी को कोई आपत्ति तो नहीं होनी चाहिए। (उर्वशी)

# जब खरीदें रेडीमेड कपड़े



भाषणा बंसल

फैशन के इस युग में रेडीमेड कपड़ों का बहुत अधिक चलन हो गया है। इससे कपड़े सिलवाने का झंझट नहीं उठाना पड़ता, साथ ही अपनी आवश्यकता व पसंद के अनुरूप आप उन्हें खरीद सकते हैं। ये विभिन्न रंगों व डिजाइनों में उपलब्ध होते हैं। ये मंहगे भी होते हैं व सस्ते भी। यह आप पर निर्भर है कि आप किस तरह के व किस दाम के वस्त्रा खरीदना चाहते हैं।

रेडीमेड कपड़े खरीदते वक्त अत्यंत सावधानी की जरूरत होती है।

**दुकान से ही करें खरीदारी:-**

रेडीमेड कपड़े सेल या प्रदर्शनी इत्यादि से न खरीदें क्योंकि वहां न तो आप ट्राई कर सकते हैं व न ही एक्सचेंज कर सकते हैं। इन्हें दुकान या शोरूम से ही खरीदें क्योंकि अगर ये खराब हो जाएं या आप पर कलर सूट न करे तो आप दुकान पर इन्हें बदल तो सकती हैं।

वैसे भी सेल या मेले वगैरह में ऐसे कपड़े हल्के फेब्रिक में सस्ती रेंज में मिलते हैं तो उन्हें देखकर आपका मन ललचाता है और आप फौरन उन्हें खरीद लेते हैं। यह भी हो सकता है कि वे सैंकड हैंड हों।

**जब सूती कपड़े खरीदें:-**

सूती कपड़े धोने के बाद सिकुड़ जाते हैं अतः इनका साइज थोड़ा बड़ा ही खरीदें। वैसे दुकानदार से भी इस बारे में अवश्य पूछ लें। कई बार सूती कपड़ों का फैब्रिक काफी घटिया होता है और एक बार धोने से वो बिल्कुल बेजान-से हो जाते हैं। ऐसी डेªस पहनने पर बहुत भद्दी लगती है इसलिए बढ़िया फैब्रिक वाली पोशाक ही खरीदें।

**सावधानी बरतें:-**

आमतौर पर रेडीमेड कपड़ों की सिलाई जल्दी उधड़ जाती है। कई बार तो खरीदते वक्त ही उधड़ी हुई होती है। साथ ही रेडीमेड कपड़ों में हुक, बटन, चेन, झालर इत्यादि काफी मात्रा में लगे होते हैं, उनके जल्दी टूटने का अंदेशा होता है अतः खरीदने से पहले चेक कर लें कि सिलाई और हुक, बटन, चेन वगैरह ठीक है या नहीं।

**रंगों पर भी ध्यान दें:-**

कोई भी पोशाक, चाहे वह गर्मी की हो या सर्दी की, अपने चेहरे के रंग के अनुरूप ही उनके रंग का चुनाव करें। कई बार किसी रंग की पोशाक देखने में काफी अच्छी लगती है और आप उसे खरीद लेते हैं लेकिन जब उसे पहनते हैं तो वह आप पर नहीं जंचती। इसका मुख्य कारण है-उस पोशाक के रंग का आपके रंग के अनुरूप न होना इसलिए जब भी कोई पोशाक खरीदें तो पहले यह सुनिश्चित कर लें कि उस पोशाक का रंग आप पर सूट करेगा या नहीं।

साथ ही यह भी देख लें कि उसका रंग पक्का है या नहीं। कुछ पोशाकों को धोने से उनका रंग निकल जाता है और आखिर तक निकलता रहता है। रंग निकलने से कपड़े की चमक खत्म हो जाती है इसलिए कोई भी पोशाक खरीदते समय इस बात को नजरअंदाज न करें। (उर्वशी)

# इन्हें फेंकिए मत

राजेन्द्र मिश्र 'राज'

संतरे के छिलकों को सुखा लें। चाय बनाते समय थोड़ा-सा टुकड़ा चाय के पानी में डाल दें। चाय का स्वाद बढ़ जाएगा।

❊ अदरक के छिलके भी धोकर सुखा कर चाय पत्ती के डिब्बे में डाल कर रखें। सुगंधित चाय तैयार होगी।

❊ इलायची छीलने के बाद उसके छिलके चाय पत्ती के डिब्बे में डालें। चाय में इलायची की महक आ आएगी।

❊ इस्तेमाल की हुई चाय की पत्ती पानी से धोकर पेड़-पौधों में डालें। यह खाद का काम करेगी।

❊ बिस्किट के डिब्बे में जो चूरा शेष रह जाए, उसे दूध अथवा चाय में डालकर पिएं।

❊ आलू के छिलके भी धोकर सुखाकर घर के शीशे रगड़े। इससे शीशे में चमक आती है।

❊ अनार के छिलकों को पानी में उबाल लें। ठंडा होने पर इससे कुल्ला करें। मुंह की बदबू दूर हो जाएगी।

❊ चावल धोने के बाद पहला पानी भले फेंक दें किन्तु बाद के पानी को मत फेंकिए।

❊ दाल पकने के बाद यदि दाल के बर्तन में पानी ज्यादा बच जाए तो उसे फेंकिए नहीं बल्कि बच्चों को पीने के लिए दें। (उर्वशी)

# सुंदर लग सकते हैं प्राकृतिक चीजों के सही प्रयोग से

सुनीता गाबा

बहुत से लोगों की सोच है कि महंगे कास्मेटिक ही आप में ग्लैमर ला सकते हैं, ऐसा सच नहीं। आप प्राकृतिक चीजों को प्रयोग करके भी अपनी ब्यूटी निखार सकते हैं। प्राकृतिक चीजें बाहर से सुंदर बनाने के साथ साथ अंदर से भी खूबसूरत बनाती हैं।

※ त्वचा में नेचुरल ग्लो हेतु नींबू और दही का पेस्ट लगाएं। आपको ब्लीच लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। दही त्वचा को नर्म भी बनाता है।

※ नेचरल खूबसूरत दिखने हेतु पका हुआ पपीता और केले का पेस्ट त्वचा पर लगाएं। इससे त्वचा को पोषण भी मिलेगा और ग्लो भी।

※ त्वचा को टाइट बनाने के लिए अंडे में नींबू का रस मिलाकर लगाएं। थोड़ी देर बाद चेहरा धो लें। सप्ताह में एक या दो बार त्वचा की जरूरत के अनुसार प्रयोग करें।

※ एलोवेरा, हल्दी और नीम की पत्तियों का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगभग 20 मिनट तक लगाएं और सूखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। यह एंटीसेप्टिक का भी काम करता है।

※ सेंसिटव स्किन पर सनटैन का प्रभाव जल्दी होता है। अगर स्किन पर शहद लगा लें तो त्वचा कूल रहती है। इसके साथ त्वचा हैल्दी भी रहती है।

※ आंखों में तनाव हो तो फ्रिज में रखे टी बैग्स आंखों पर रखने से आंखों का सारा तनाव दूर हो जाता है।

※ त्वचा की नमी बनाए रखने हेतु ग्लिसरीन व रोजवाटर का प्रयोग अधिक लाभप्रद है।

※ मेकअप अगर करना भी पड़े तो उसको उतारने के बाद रोज वाटर का स्प्रे अवश्य करें। इससे चेहरा क्लीन रहता है।

※ फेस पैक के लिए अंडों का सफेद भाग, लाइम व हनी का मिक्सचर चेहरे पर लगाने से त्वचा की डलनेस दूर होती है और त्वचा शाइन करती है।

※ दही,बादाम व शहद को भी (पीसकर) मिक्स कर चेहरे पर लगाने से त्वचा में नमी बनी रहती है। यह एक अच्छा माश्चराइजिंग पैक है।

फिल्म एक्ट्रेस चाहे कितने ब्यूटी प्रॉडक्टस की एड करें पर वे अपनी त्वचा की देखरेख प्राकृतिक तरीकों से ही करती हैं। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर

# स्वाद बढ़ाएं: इन्हें अपनाएं




सुनीता गाबा

बहुत सी गृहणियां परेशान रहती हैं कि हमने इतनी मेहनत से रसोई में पसीना बहा कर खाना बनाया पर उतना स्वादिष्ट नहीं बना। यह बहुत बड़ी समस्या है क्योंकि महिलाएं तो शुरू से मानती हैं कि पति के दिल को जीतने के लिए रास्ता उसके पेट से जाता है। चिन्ता मत करें। कुछ सुझाव हैं जिन्हें अपनाकर खाने का स्वाद बढ़ाया जा सकता है।

◆ सब्जी की करी को गाढ़ा बनाने के लिए उस में थोड़ी सी मूंगफली पीस कर डालें।

◆ केक को स्वादिष्ट, भुरभुरा बनाने के लिए उमसें थोड़ा सा ब्रेड का चूरा मिलाएं।

◆ आइसक्रीम को गाढ़ा व स्वादिष्ट बनाने के लिए दूध उबालते समय उसमें थोड़ा सा मिल्क पाउडर मिला लें।

◆ टमाटर का सूप बनाते समय उसमें थोड़ी सी पुदीना पत्ती डाल देने से सूप का स्वाद बढ़ जाएगा।

◆ गुलाब जामुन यदि सख्त बन जाएं तो घबराएं नहीं। उन्हें प्रेशर कुकर में ढक्कन बंद कर कुछ मिनटों के लिए उबालें। गुलाबजामुन मुलायम हो जाएंगे।

◆ उड़द की दाल के दही बड़े बनाते समय यदि उसमें उबला आलू अच्छी तरह मसल कर मिला लिए जाए तो बड़े अधिक मुलायम बनेंगे।

◆ पनीर को अधिक समय तक ताजा बनाए रखने के लिए सिरके में मलमल के रूमाल या कपड़े को भिगो कर पनीर को लपेट कर उस पर सफेद कागज़ लपेट दें और फ्रिज में रखें।

◆ खीर को गाढ़ा बनाने के लिए उसमें



अखरोट पीसकर डाल दें। खीर गाढ़ी के साथ स्वादिष्ट भी बन जाएगी।

◆ पालक पनीर की सब्जी बनाते समय उसमें 1 बड़ा चम्मच फेंटी हुई मलाई या क्रीम की डालें। सब्जी का स्वाद अधिक बढ़ जाएगा।

◆ इडली को नर्म और फूला हुआ बनाने के लिए। छोटा चम्मच मेथी दाना का पाउडर मिला लें।

◆ सब्जी में मसाला ज्यादा हो गया हो तो सादी फीकी बूंदी या टमाटर के टुकड़े काट कर डाल देने से मसाले की मात्रा सही हो जाएगी।

◆ मटर पनीर की सब्जी का मसाला बनाते समय लम्बे पतले प्याज को डीप फ्राई कर ठंडा होने पर मिक्सी में कच्चे टमाटर डालकर ग्राइंड कर लें। ग्राइंड करते समय एक छोटा चम्मच या मसाले की मात्रा अनुसार दही भी डालें। पुनः मसाला भूनते समय उसमें 1 बड़ा चम्मच मलाई फेंटकर डालने से मटर पनीर की करी का स्वाद बहुत अच्छा और गाढ़ा होगा। यही मसाले की विधि कोफ्तों में भी प्रयोग कर सकते हैं।

◆ गुझिया का मसाला बनाते समय खोए में बेसन भून कर मिला देने से गुझिया स्वादिष्ट बनती हैं।

◆ मसालेदार भिंडी को और स्वादिष्ट बनाने के लिए भिंडी को बीच में चीरा लगा कर प्याज़ भून सभी मसाले डाल कर गैस की धीमी आंच पर भिंडी डाल दें। जब आधी भिंडी बन जाए तो घर में फाड़े हुए दूध का पनीर उसमें मिलाएं। भिंडी परोसने में सुंदर भी लगेगी और स्वादिष्ट भी।

◆ मिक्स वेजिटेबल को और अधिक स्वादिष्ट बनाने के लिए सब्जियों को स्टिर फ्राई कर छोटा प्याज, अदरक, टमाटर का मसाला अलग तैयार कर मिक्स करें और नमक मिर्च, सूखा मसाला इच्छानुसार डालें। (उर्वशी)

# 61 गेंदों के शेष रहते भारत की शानदार जीत

## दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 से कब्जा






यशस्वी जायसवाल ने वनडे में जड़ा पहला शतक

### रोहित-यशस्वी की शतकीय साझेदारी और कोहली की दमदार फॉर्म से निर्णायक मुकाबला एकतरफा

**विशाखापत्तनम :** भारतीय क्रिकेट टीम ने विशाखापत्तनम में खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। टीम इंडिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 61 गेंदें शेष रहते मुकाबला जीतकर अपने दबदबे का शानदार परिचय दिया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और क्विंटन डिकॉक के शतक की बदौलत 47.5 ओवर में 270 रन बनाए। डिकॉक ने धैर्यपूर्ण और खूबसूरत बल्लेबाजी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया, जबकि अन्य बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने बड़ा प्रभाव नहीं छोड़ पाए। जवाब में भारत की शुरुआत बेहद दमदार रही। यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 155 रन जोड़कर मैच की दिशा भारत की ओर मोड़ दी। रोहित ने इस दौरान अपने वनडे करियर का 61वां अर्धशतक लगाया और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20,000 रन पूरे करने का बड़ा मुकाम हासिल किया। वे 75 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद क्रीज पर पहुंचे विराट कोहली, जो पूरे दौरे में शानदार फॉर्म में रहे। उन्होंने यशस्वी के साथ मिलकर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर आक्रमण जारी रखा। यशस्वी ने अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़ा और भारतीय जीत के नायक बने। उन्होंने 121 गेंदों पर 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 116 रन बनाए। कोहली ने 45 गेंदों पर 65 रनों की नाबाद तेज पारी खेली और लगातार चौथे वनडे में 50+ का स्कोर बनाकर अपनी निरंतरता दिखायी। सीरीज में भारत की शुरुआत रांची में 17 रन से जीत के साथ हुई थी, जबकि रायपुर में दक्षिण अफ्रीका ने 362 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया था। निर्णायक स्थिति में पहुंचे तीसरे वनडे में भारतीय टीम ने हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन किया और अंततः जीत व सीरीज पर कब्जा जमा लिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एकमात्र सफलता केशव महाराज ने हासिल की। यह जीत टीम इंडिया की बल्लेबाजी की मजबूती और संतुलित प्रदर्शन का प्रमाण बनी, जिसमें रोहित, यशस्वी और कोहली ने मिलकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महत्वपूर्ण सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया।

## गिल को पहले टी20 मैच में खेलने के लिए हरी झंडी




**कटक :** भारत की टी20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। तब उनकी गर्दन में अकड़न आ गई थी लेकिन अब उन्होंने सफलतापूर्वक रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है। गिल को फिटनेस के आधार पर टीम में चुना गया था और उन्हें खेल में वापसी (आरटीपी) के लिए रिहैबिलिटेशन से जुड़े सारे प्रोटोकॉल से गुजरना पड़ा। सीओई की ओर से टीम प्रबंधन की खेल विज्ञान एवं चिकित्सा (एसएसएम) टीम को भेजे गए पत्र में कहा गया है, ''शुभमन गिल ने सीओई में अपना रिहैबिलिटेशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उन्होंने खेल के सभी प्रारूपों के लिए फिट घोषित होने के लिए आवश्यक मानदंडों को पूरा कर लिया है।'' इस टीम में फिजियो कमलेश जैन, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच एड्रियन ली रॉ और खेल चिकित्सक डॉ. चार्ल्स शामिल हैं। गिल कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन चोटिल हो गए थे और उन्हें दो दिन के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था तथा इंजेक्शन भी लगाना पड़ा था। वह मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे, लेकिन टी20 श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता को लेकर सभी संदेह दूर हो गए हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में खेलने वाले अधिकतर खिलाड़ी रविवार से यहां अभ्यास शुरू करेंगे।

### चेन्नई सुपर वॉरियर्स को हराकर हैदराबाद रॉयल्स आईपीबीएल के फाइनल में पहुंचा

**नयी दिल्ली :** हैदराबाद रॉयल्स ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वालीफायर एक में चेन्नई सुपर वॉरियर्स को 4-2 से हराकर शनिवार को इंडियन पिकलबॉल लीग (आईपीबीएल) के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मुंबई स्मैशर्स ने एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ लेपर्ड्स को समान स्कोर से हराकर क्वालीफायर 2 में जगह बनाई।इस मैच को जीतने वाली टीम फाइनल में हैदराबाद रॉयल्स का सामना करेगी जबकि लखनऊ की टीम का सफर मौजूदा टूर्नामेंट में खत्म हो गया। इससे पहले चौथे स्थान के लिए तीन-तरफा मुकाबले में मुंबई की टीम ने शुरुआती मैच में कैपिटल वॉरियर्स गुड़गांव को 25-24 से हराया, फिर बेंगलुरु ब्लास्टर्स को 25-22 से मात देकर क्वालीफायर में अपनी जगह पक्की की। इस दौरान विश्व पिकलबॉल महासंघ के अध्यक्ष जेवियर रेगालाडो भी मौजूद थे। पांचवें और छठे स्थान के मैच में बेंगलुरु ने गुड़गांव को 25-21 से हराया।

## निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में भारत की धमाकेदार शुरुआत

### सुरुचि ने स्वर्ण और संयम ने रजत जीता



**दोहा :** दोहा में जारी आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप फाइनल के पहले दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सुरुचि सिंह ने 245.1 के बेहतरीन स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन संयम ने 243.3 का स्कोर बनाते हुए रजत पदक हासिल किया। मनु भाकर फाइनल तक पहुंचीं लेकिन 179.2 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन सम्राट राणा अंतिम क्षणों में बढ़त बनाए नहीं रख सके और 221.5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक तक सीमित रहे। वरुण तोमर 201.2 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। चीन के हू काई ने स्वर्ण और जर्मनी के क्रिश्चियन रीट्ज ने रजत जीता। 10 मीटर एयर राइफल में भारत के रुद्रांक्ष पाटिल और अर्जुन बबूता क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। महिलाओं की एयर राइफल में इलावेनिल वलारिवन नौवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन ने पुरुष राइफल में स्वर्ण जबकि चीन के शेंग लिहाओ ने रजत जीता। ट्रैप में भारत के जोरावर संधू नौवें स्थान पर रहे।

## पुडुचेरी ने बंगाल को 81 रन से हराया


**हैदराबाद :** स्पिनर जयंत यादव और सिदक सिंह ने भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज़ मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ते हुए क्रमशः चार और तीन विकेट झटके जिससे पुडुचेरी ने शनिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच में बंगाल को 81 रन से हरा दिया। पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करते हुए बंगाल ने पुडुचेरी को पांच विकेट पर 177 रन पर रोक दिया जिसमें अनुभवी शमी ने अपने चार ओवरों में 34 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें ऑफ स्पिनर ऋतिक चटर्जी (53 रन देकर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप को कोई विकेट नहीं मिला। पुडुचेरी के लिए कप्तान अमन खान ने 40 गेंद में 74 रन की शानदार पारी खेली जिसमें पांच चौके और सात छक्के शामिल थे जबकि जशवंत श्रीराम ने 45 रन बनाए। जीत के लिए 178 रनों का पीछा करते हुए बंगाल की पूरी टीम महज 13.5 ओवर में 96 रन पर ढेर हो गई जिसमें ऑफ स्पिनर जयंत ने अपने चार ओवरों में 28 रन देकर चार विकेट लिए जबकि बाएं हाथ के स्पिनर सिदक ने अपने तीन ओवरों में नौ रन देकर 3 विकेट लिए। आदिल अयूब टुंडा और अमन खान को एक-एक विकेट मिला। बंगाल के लिए करण लाल ने 23 गेंद में 40 रन बनाए जबकि उनके सलामी जोड़ीदार अभिषेक पोरेल और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने क्रमशः 11 और 12 रन बनाए। बंगाल के बाकी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाए। एक अन्य रोमाचंक मैच में गुजरात ने आखिरी गेंद पर हिमाचल प्रदेश को एक विकेट से हरा दिया।

## सुपर कप फाइनल में भिड़ेंगे ईस्ट बंगाल और एफसी गोवा, दांव पर एएफसी चैंपियंस लीग-2 का टिकट

**मडगांव :** कोलकाता की दिग्गज टीम ईस्ट बंगाल एफसी और मौजूदा चैंपियन एफसी गोवा सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को एक-दूसरे के सामने होंगी तो यह मुकाबला केवल ट्रॉफी के लिए नहीं है बल्कि एएफसी चैंपियंस लीग 2 के शुरुआती चरण में सीधे प्रवेश के लिए भी होगा। फतोर्दा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले खिताबी मुकाबले में दोनों टीमें जीत के साथ इतिहास रचने की कोशिश करेंगी। एफसी गोवा तीसरी बार यह खिताब जीतकर रिकॉर्ड बनाना चाहेगी, जबकि ईस्ट बंगाल अपने दूसरे सुपर कप ट्रॉफी के साथ गोवा की बराबरी करना चाहेगी। एफसी गोवा इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में ईस्ट बंगाल के खिलाफ लगातार छह मैच जीत चुकी है और इससे टीम के बाद मनोवैज्ञानिक बढ़त होगी। सुपर कप के इतिहास को हालांकि देखें तो 2018 के सेमीफाइनल में ईस्ट बंगाल ने गोवा को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जिससे पता चलता है कि नॉकआउट मुकाबलों में समीकरण बदल जाते हैं। दोनों टीमों को फाइनल में अपने मुख्य खिलाड़ियों और कोच की कमी खलेगी। एफसी गोवा को अपने कप्तान और डिफेंडर संदेश झिंगन (पिंडली की चोट) और स्ट्राइकर इकर गुआर्रोत्सेना (रेड कार्ड) के बिना मैदान पर उतरना होगा। वहीं, ईस्ट बंगाल के मुख्य कोच ऑस्कर ब्रूजोन सेमीफाइनल में बाहर भेजे जाने के कारण टचलाइन पर मौजूद नहीं रहेंगे।

# राज्यों की खबरें

## भारत-रूस संबंध वैश्विक स्तर पर 'सबसे स्थिर' संबंधों में से एक हैं: जयशंकर




**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत-रूस साझेदारी पिछले 70-80 वर्षों में ''सबसे स्थिर और अहम संबंधों'' में से एक रही है और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नयी दिल्ली यात्रा का उद्देश्य आर्थिक सहयोग पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए इन संबंधों को ''फिर से परिभाषित'' करना था। जयशंकर ने इस विचार से असहमति जताई कि पुतिन की यात्रा भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी वार्ताओं को जटिल बना सकती है। जयशंकर ने 'हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट' में कहा, ''नहीं, मैं आपसे असहमत हूं। मुझे लगता है कि हर कोई जानता है कि भारत के दुनिया के सभी प्रमुख देशों के साथ बेहतर संबंध हैं।'' जयशंकर से पूछा गया था कि क्या पुतिन की नयी दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा का प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ वार्ता पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि किसी भी देश की ऐसी अपेक्षा उचित नहीं है कि उसे यह कहने या दखल देने का हक है कि हमारे दूसरे देशों के साथ रिश्ते कैसे हों।'' उन्होंने कहा, ''क्योंकि याद रखिए, दूसरे देश भी वही अपेक्षा कर सकते हैं। मेरा मानना है कि हमने हमेशा स्पष्ट किया है कि हमारे अनेक देशों के साथ संबंध हैं। हमारे पास अपनी पसंद की आजादी है। जयशंकर ने कहा, ''हम जिसे रणनीतिक स्वायत्तता कहते हैं, उसके बारे में लगातार बात करते रहे हैं और वह जारी भी है। मुझे समझ नहीं आता कि किसी के पास इसके विपरीत अपेक्षा करने का कोई कारण क्यों होना चाहिए।'' विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि ट्रंप प्रशासन का ध्यान व्यापार पर रहा है और कहा कि इस दिशा में भारत का दृष्टिकोण पूरी तरह से राष्ट्रीय हितों से प्रेरित है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि इस समय व्यापार सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह स्पष्ट रूप से वाशिंगटन की सोच का केन्द्र बिन्दु है, यह पहले की सरकारों की तुलना में कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, जिसे हमने पहचाना है और हम इसका सामना करने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन हम उचित शर्तों पर इसका सामना करने के लिए तैयार हैं। मेरा मतलब है, आपमें से जो लोग सोचते हैं कि कूटनीति का मतलब किसी और को खुश करना है, तो माफ कीजिए, मेरी कूटनीति की यह धारणा नहीं है। मेरे लिए, कूटनीति का मतलब हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है।'' अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी-भरकम शुल्क (टैरिफ) लगा दिया है, जिसमें नयी दिल्ली द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष वर्तमान में प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि हमारे अपने-अपने व्यापारिक हितों के लिए एक समाधान बिंदु हो सकता है जिसपर दोनों पक्ष समहमत हों। जाहिर है, इस पर कठिन बातचीत होगी क्योंकि इसका इस देश में आजीविका पर असर पड़ेगा।''

## वायु प्रदूषण विरासत में मिली समस्या, इसे रोकने के लिए कदम उठाए जा रहे: रेखा गुप्ता



**नयी दिल्ली :** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण की समस्या को विरासत में मिली समस्या करार देते हुए शनिवार को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार इस मुद्दे के समाधान के लिए पिछले 10 महीनों से सक्रिय रूप से काम कर रही है। 'हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट' में गुप्ता ने कहा कि प्रदूषण, कूड़े के पहाड़ और टूटी सड़कों जैसी समस्याएं विरासत में मिली हैं और उनकी सरकार निरंतर प्रयासों के माध्यम से इनसे निपटने के लिए काम कर रही है। उन्होंने यमुना नदी की सफाई को भी एक ''बड़ी परियोजना'' बताया और कहा कि उनका प्रशासन नदी को पुनर्जीवित करने के लिए रोजाना काम कर रहा है। गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में तेजी से बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि ने प्रदूषण के स्तर को बढ़ाने में यो-गदान दिया है। उन्होंने कहा कि धूल, वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन सहित कई कारक प्रदूषण संकट में योगदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह भी मायने रखता है कि पिछली सरकार ने क्या कदम उठाए थे। हमारी सरकार ने प्रदूषण से निपटने के लिए वो सभी कदम उठाए हैं, जो पिछली सरकारों ने नहीं उठाए थे।'' गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें 'मिस्ट टेक्नोलॉजी' के इस्तेमाल के जरिये पानी के स्प्रे से धूल को कम करना, झुग्गी बस्तियों में रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करना, खुले में अलाव जलाने से रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड को हीटर उपलब्ध कराना, इलेक्ट्रिक बसों के साथ सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना शामिल है।

### लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा में कांग्रेस से प्रियंका और गोगोई हो सकते हैं मुख्य वक्ता

**नयी दिल्ली :** वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सोमवार को लोकसभा में होने वाली चर्चा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की तरफ से पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और सदन में पार्टी के उप नेता गौरव गोगोई समेत आठ वक्ता भाग ले सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी, गोगोई, दीपेंद्र हुड्डा, विमल अकोइजम, प्रनीति शिंदे, प्रशांत पडोले, चमाला रेड्डी और ज्योत्सना महंत वक्ता हो सकते हैं। वंदे मातरम के 150 साल पूरा होने के मौके पर सोमवार को लोकसभा में विशेष चर्चा होगी, जिसके लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के.सुरेश ने पिछले दिनों कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वंदे मातरम पर विशेष चर्चा की शुरुआत करेंगे।

### परीक्षा पे चर्चा का नौवां संस्करण जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा, पंजीकरण शुरू

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चर्चा कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का नौवां संस्करण जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा जिसके लिए पंजीकरण 11 जनवरी तक खुले हैं। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''परीक्षा पे चर्चा अपने 9वें संस्करण के साथ वापस आ गया है। भारत और विदेश के छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षा के तनाव पर चर्चा करने और परीक्षाओं को एक उत्सव व जीवन का एक अभिन्न अंग मानने के लिए उनके साथ जुड़ेंगे।'' उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों के चयन के लिए 'माइजीओवी' पोर्टल पर एक दिसंबर 2025 से 11 जनवरी 2026 तक बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी से 12वीं तक के छात्र, शिक्षक और अभिभावक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

### असम में 11 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, कई तस्कर गिरफ्तार




**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि राज्य में कई अभियानों के तहत 11 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये जाने के साथ संदिग्ध तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों के खिलाफ यह कार्रवाई कार्बी आंगलोंग और कछार जिले में की गई। मुख्यमंत्री शर्मा ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज असम में भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की जब्ती की गई। असम पुलिस लगातार ऐसे अभियान चला रही है जो असल जिंदगी के मादक पदार्थ आधारित धारावाहिक या वेब सीरीज जैसे लगते हैं। कार्बी आंगलोंग से लेकर सिलचर तक, मादक पदार्थ के तस्कर भागे-भागे फिर रहे हैं।'' उन्होंने बताया कि जब्त किए गए नशीले पदार्थों में याबा की गोलियां और अन्य अवैध वस्तुएं शामिल हैं। भारत में याबा की गोलियां गैरकानूनी हैं क्योंकि इनमें 'मेथामफेटामाइन' पाया जाता है। याबा 'कंट्रोल्ड सब्सटेंस' अधिनियम की अनुसूची दो का पदार्थ है।

## इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के बाद रेलवे की बड़ी पहल, यात्रियों की मदद के लिए 84 विशेष ट्रेनें चलेंगी

**नयी दिल्ली :** इंडिगो द्वारा लगातार बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द किए जाने से हजारों यात्री देशभर के हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए भारतीय रेलवे ने शनिवार को त्वरित कदम उठाते हुए सभी जोन में कुल **84 विशेष रेलगाड़ियां** चलाने की घोषणा की है। मंत्रालय के अनुसार इन ट्रेनों के **104 फेरों** की व्यवस्था बेहद कम समय में की गई है, ताकि यात्रियों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। रेलवे मंत्रालय की विशेष समन्वित योजना के तहत दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, पटना और हावड़ा जैसे प्रमुख शहरों में यात्रा भार का विश्लेषण कर मार्गों का चयन किया गया है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर विशेष ट्रेनों की संख्या और उनके फेरों में और बढ़ोतरी की जाएगी। उन्होंने सभी जोनों को निर्देश दिया है कि उपलब्ध कर्मचारियों व डिब्बों का अधिकतम उपयोग करते हुए इन सेवाओं को सुरक्षित और प्रभावी तरीके से संचालित किया जाए, ताकि उड़ान रद्द होने से फंसे लाखों लोगों को राहत मिल सके। लोगों को इन ट्रेनों की जानकारी पहुंचाने के लिए रेलवे की ओर से व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। कुछ मंडलों ने तो हवाई अड्डों पर ही विशेष ट्रेनों के बारे में घोषणाएं और जानकारी प्रसारित करनी शुरू कर दी है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को नई चलाई गई विशेष ट्रेनों की जानकारी डिस्प्ले पर दिखाने के लिए कहा है। पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली, मुंबई सेंट्रल-भिवानी, बांद्रा टर्मिनस-दुर्गापुरा, वलसाड-बिलासपुर, साबरमती-दिल्ली व अन्य मार्गों पर सात विशेष ट्रेनें चलाएगा। दक्षिण मध्य रेलवे ने भी बेंगलुरु-चेन्नई, बेंगलुरु-पुणे, यशवंतपुर-हजरत निजामुद्दीन, शालीमार-येलहंका, एर्नाकुलम-येलहंका जैसे व्यस्त रूटों पर सेवाएं बढ़ाने की घोषणा की है। मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे क्रमशः 14 और 10 विशेष ट्रेनों का संचालन करेंगे, जबकि अन्य जोनों ने भी समयसारिणी जारी कर दी है।

## पुतिन के लिए राजकीय भोज में गर्मजोशी भरा और आत्मीय माहौल था: थरूर

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा है कि शुक्रवार रात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए आयोजित राजकीय भोज में गर्मजोशी भरा और आत्मीय माहौल था तथा कई लोगों से बातचीत करना आनंददायक था। थरूर की यह टिप्पणी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पुतिन के सम्मान में दिए गए भोज के एक दिन बाद आई है। थरूर ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, शुक्रवार रात राष्ट्रपति पुतिन के लिए राष्ट्रपति भवन में आयोजित भोज में शामिल हुआ। माहौल बेहद गर्मजोशी भरा और आत्मीय था। वहां उपस्थित कई लोगों से बातचीत करने का आनंद लिया, खासतौर पर रूसी प्रतिनिधिमंडल से आए साथी बेहद अच्छे थे।'' राष्ट्रपति मुर्मू ने भोज के दौरान पुतिन और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि यह यात्रा भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ का महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह साझेदारी अक्टूबर 2000 में पुतिन की पहली भारत यात्रा के दौरान स्थापित हुई थी। मुर्मू ने भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के लिए पुतिन के समर्थन और व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की भी सराहना की। कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया था कि पुतिन के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में आयोजित राजकीय भोज में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को आमंत्रित नहीं किया गया है।

### 'फर्जी' बैंक गारंटी मामले में रिलायंस पावर और उसकी सहायक कंपनियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक निविदा हासिल करने के लिए 68 करोड़ रुपये की कथित फर्जी बैंक गारंटी जारी करने से जुड़े धन शोधन के एक मामले में व्यवसायी अनिल अंबानी की समूह कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड और 10 अन्य कंपनियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। निदेशालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। अभियोजन पक्ष की शिकायत में नामजद अन्य आरोपियों में रिलायंस पावर के पूर्व सीएफओ (मुख्य वित्तीय अधिकारी) अशोक कुमार पाल, रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड, रोजा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड (रिलायंस पावर की सहायक कंपनियां), ओडिशा स्थित फर्जी कंपनी बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी के प्रबंधन निदेशक पी सारथी बिस्वाल, बायोथेन केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड और व्यापार वित्तपोषण सलाहकार अमर नाथ दत्ता शामिल हैं। एजेंसी के अनुसार, कुछ अन्य आरोपियों में रविंदर पाल सिंह चड्ढा, मनोज भैयासाहेब पोंगड़े और पुनीत नरेंद्र गर्ग शामिल हैं।

## होम गार्ड्स भगवद गीता के 'निष्काम सेवा' के संदेश को अपनाते हैं : मोहन



**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि होम गार्ड के जवान भगवद गीता के निष्काम सेवा के संदेश को अपनाते हैं क्योंकि वे ईमानदारी और बिना किसी उम्मीद या स्वार्थ के काम करते हैं। उन्होंने यहां 63वें होम गार्ड्स और नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह में कहा कि यह बल प्राकृतिक आपदाओं, भीड़ प्रबंधन, यातायात प्रबंधन और मुश्किल हालात में नागरिकों के साथ खड़ा रहता है और पुलिस का भी साथ देता है। मुख्यमंत्री ने कहा, होम गार्ड शब्द का मतलब मध्यप्रदेश के 8.5 करोड़ लोगों के रक्षक हैं। आजादी के बाद जब भारत अपना नागरिक सुरक्षा ढांचा बना रहा था, तब बल ने भरोसे और सेवा की ढाल दी है। बाढ़, आग या बड़े हादसों के समय लोग सबसे पहले होम गार्ड्स के बारे में सोचते हैं क्योंकि ये जवान मुश्किलों के सामने चट्टान की तरह खड़े रहते हैं।

जय अग्रसेन





जय अग्रवाल

सेवा, शिक्षा, चिकित्सा व ज्ञान का श्रद्धास्थल

# महाराजा अग्रसेन धाम

**कार्यालय :** 32, जवाहरलाल नेहरू रोड, 2 तल्ला, कोलकाता-700 071 **प्रकल्प :** घोड़ाघाटा, बागनान सम्पर्क-**79801 09085**

**प्रेरणास्त्रोत : कर्मयोगी स्व. पुष्करलाल जी केडिया**

# अग्र रत्न एवं अग्र गौरव सम्मान समारोह-2025

**शनिवार, 13 दिसम्बर 2025 प्रातः 10 बजे से | कलामंदिर, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता**

## पावन सान्निध्य



परमहंस परिव्राजकाचार्य स्वामी
श्री निरंजनानन्द सरस्वतीजी



परम श्रद्धेय स्वामी
श्री गिरीशानन्द सरस्वतीजी



परमहंस डा. स्वामी
श्री मुक्तानन्दपुरीजी



परम श्रद्धेय स्वामी
श्री संविदानन्द सरस्वतीजी

## अग्र रत्न सम्मान



स्व. बासुदेव टिकमानी

## अग्र गौरव सम्मान



डा. महेश गोयनका



श्री अशोक तोदी



श्री मुरारीलाल लोहिया



श्री गोपाल नरेड़ी



श्री रमेश सोंथलिया



श्री अनुज डीडवानिया







## -: मार्गदर्शक मण्डल :-

| | |
|---|---|
| बालव्यास पं. श्रीकान्त शर्मा | श्री सजन कुमार बंसल |
| श्री राधेश्याम गोयनका | श्री राजेश मित्तल |
| श्री नन्दलाल रूंगटा | श्री अशोक तोदी |
| पद्मश्री श्री प्रह्लाद राय अग्रवाल | श्री बृजमोहन गाड़ोदिया |
| श्री विश्वनाथ सेकसरिया | श्री रमेश सरावगी |
| पद्मश्री श्री सज्जन भजनका | श्री जे. पी. अग्रवाल |
| श्री सत्यनारायण देवरालिया | श्री विवेक गुप्ता |
| श्री अनुज डीडवानिया | |

## -: कार्यकारिणी समिति सदस्य :-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्री कुंज बिहारी अग्रवाल | श्री एन. के. अग्रवाल | श्री गिरधारीलाल गोयनका | श्री गोपाल नरेड़ी | श्री सुधीर सतनालीवाला |
| श्री सुशील गोयनका | श्री विनोद अग्रवाल | श्री हेमचन्द गोयनका | श्री नरेश अग्रवाल | श्री नवीन टिकमानी |
| श्री ललित बेरीवाल | श्री मनोज बगड़िया | श्री केशव बूबना | श्री रवि खेतान | श्री सुनील धनानिया |
| श्री विनोद कुमार गुप्ता | श्री रमेश सोंथलिया | श्री प्रमोद कुमार ड्रोलिया | श्री सुशील मित्तल | श्री आनन्द केजरीवाल |
| श्री विवेक अड़ुकिया | श्री पवन माधोगढ़िया | श्री बजरंग अग्रवाल | श्री विक्कीराज सिकरिया | श्री मुकेश गोयल |
| श्री बिरमप्रकाश सुल्तानिया | श्री पवन टिबड़ेवाल | श्री विनोद केडिया | श्री सुशील हीरावत | श्री शंकरलाल अग्रवाल |
| श्री कैलाश कयाल | श्री बनवारीलाल चौधरी | श्री सुरेश अग्रवाल | श्री प्रदीप खेतान | |
| श्री विश्वनाथ अग्रवाल | श्री राजीव कानोड़िया | श्री जुगलकिशोर जाजोदिया | श्री अमित केडिया | |

## महाराजा अग्रसेन धाम

| | | |
|---|---|---|
| ओम जालान-अध्यक्ष | निर्मल सराफ-मंत्री | अनिल केडिया-कोषाध्यक्ष |
| मुरारीलाल दीवान-उपाध्यक्ष | भगवानदास अग्रवाल-सह मंत्री | दीपक अग्रवाल-सह कोषाध्यक्ष |
| दिनेश अड़ुकिया-उपाध्यक्ष | अशोक चूड़ीवाला-सह मंत्री | |

## महाराजा अग्रसेन धाम ( महिला समिति )

| | | |
|---|---|---|
| सुमन जालान-अध्यक्ष | सरिता सराफ-मंत्री | निर्मला अग्रवाल-कोषाध्यक्ष |
| सुनीता अड़ुकिया-उपाध्यक्ष | प्रेम कयाल- सह मंत्री | ममता केडिया-सह कोषाध्यक्ष |
| स्वाति अग्रवाल-उपाध्यक्ष | बीना चूड़ीवाला- सह मंत्री | सुलेखा बगड़िया-सह कोषाध्यक्ष |
| | बबीता दीवान सह मंत्री | |

**समस्त समाजबन्धु सादर आमंत्रित हैं। कृपया समय पर पधारें।**

-: मंच संयोजन :-
**प्रकाश चण्डालिया**

सौजन्य : BENGAL ENERGY

**BENGAL ENERGY LTD.**

**वर्ष 10, पूर्णांक 3435 अंक 245, RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in